जीवन दर्शन

अहसास के साथ आप जो कुछ भी यकीन करते हैं वही आपकी हकीकत बन जाती है। - ब्रायन ट्रेसी

दैनिक
# ग्लोबल हेराल्ड

LOCAL TO GLOBAL

महानगर संस्करण

www.globalherald.news

गुरुवार 11 अप्रैल, 2024 » वर्ष 13 » अंक 60 » इंदौर-भोपाल से प्रकाशित » पेज 6 » मूल्य ₹ 2.00



फेडरर को पीछे छोड़ जोकोविच दुनिया के सबसे उम्रदराज नंबर-एक बने, युगल...
पृष्ठ 6 पर




## न्यूज ब्रीफ

### बिल्ली को बचाने के लिए बायोगैस चेंबर में उतरे लोग, पांच की मौत



**मुंबई।** महाराष्ट्र के अहमदनगर के वाडकी गांव में देर रात एक खंडर कुएं (बायोगैस गड्ढे के रूप में इस्तेमाल होने वाले) में गिरी एक बिल्ली को बचाने के प्रयास में पांच लोगों की मौत हो गई। अहमदनगर के नेवासा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी धनंजय जाधव के अनुसार, बचाव दल ने उन छह लोगों में से पांच के शव बरामद किए हैं। पुलिस अधिकारी ने आगे कहा, यह सभी लोग एक बिल्ली को बचाने की कोशिश करते समय एक परित्यक्त पशु अपशिष्ट में कूद गए थे। एक व्यक्ति जो कमर में रस्सी बांधकर कुएं में घुसा था, वह बच गया और बाद में उसे पुलिस ने बचा लिया। उसका पास के अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### अमेरिका के कैलिफोर्निया में आने वाला है बड़ा भूकंप वैज्ञानिकों ने दी चेतावनी




**नई दिल्ली।** अमेरिका के कैलिफोर्निया इलाके में बहुत तगड़ा भूकंप आने वाला है। यहां पर मौजूद सैन एंड्रियास फॉल्ट के एक हिस्से में लगातार भूकंपीय गतिविधियां देखी जा रही है। जमीन के नीचे हलचल हो रही है। हालांकि यह हलचल फॉल्ट के एक हिस्से यानी पार्कफील्ड सेक्शन में हो रही है। लेकिन वैज्ञानिकों को डर है कि इसकी वजह से बड़ा भूकंप आ सकता है। वैज्ञानिकों ने बताया जमीन के नीचे फॉल्ट टूट और जुड़ रही है। जिसकी वजह से लगातार भूकंपीय गतिविधियां दर्ज की जा रही हैं। पार्कफील्ड सेक्शन मध्य कैलिफोर्निया में हैं। यह हर 22 साल में कांपने लगता है। पिछली बार 2004 में यहां पर तेज भूकंप आया था। पूरे फॉल्ट में हलचल नहीं है। लेकिन साइंटिस्ट सतर्क हैं।

### समीर वानखेड़े पर अनियमितताओं के गंभीर आरोप, इसलिए बिठाई जांच



**मुंबई।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने बॉम्बे हाई कोर्ट को बताया है कि उसके पूर्व जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े के खिलाफ अनियमितताओं के गंभीर आरोप थे। इसलिए उनके खिलाफ प्रारंभिक जांच शुरू की गई थी। अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत से संबंधित ड्रग्स मामले में अनियमितताओं पर वानखेड़े को नोटिस जारी किया गया था। इस नोटिस को चुनौती देने वाली याचिका के जवाब में एजेंसी ने पिछले हफ्ते अपना हलफनामा दायर किया। हलफनामे में एनसीबी के उप महानिदेशक संजय सिंह द्वारा वानखेड़े की याचिका को खारिज करने की मांग की गई है। इसमें दावा किया गया है कि वानखेड़े जांच में देरी कर रहे थे। एक अप्रैल को जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और जस्टिस मंजूषा देशपांडे की खंडपीठ के सामने एनसीबी ने आश्वासन दिया था।

## वे झूठ बोल रहे, महाराष्ट्र में इंडी गठबंधन पर बरसे मोदी, बताया विरोधियों को किस बात का डर

मुंबई ■

लोकसभा चुनाव में कुछ ही समय बाकी रह गया है। ऐसे में राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारक हर दिन रैलियों में जुटे हैं। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज तमिलनाडु के बाद महाराष्ट्र के रामटेक में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने इंडी गठबंधन पर निशाना साधा।

### 'देशभर में झूठ फैला रहे विपक्ष के नेता'

प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्ष के नेता देशभर में झूठ फैला रहे हैं कि अगर मोदी तीसरी बार सत्ता में आए तो लोकतंत्र और संविधान खतरे में पड़ जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं जब से राजनीति में आया हूं, तब से एक भी चुनाव ऐसा नहीं बीता जब विपक्षी नेताओं ने यह झूठ न फैलाया हो। उन्होंने सवाल पूछा कि क्या आपातकाल के दौरान लोकतंत्र खतरे में नहीं था? अब एक गरीब के बेटे के प्रधानमंत्री बनने के बाद, विपक्ष को लोकतंत्र खतरे में दिखाई देने लगा है।



### वे हिंदू धर्म की शक्ति को खत्म करना चाहते हैं

विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन के नेता हिंदू धर्म की 'शक्ति' को खत्म करना चाहते हैं। उन्होंने जनता से सवाल किया कि क्या आप इस इस गठबंधन को महाराष्ट्र में एक भी सीट जीतने देंगे? उन्होंने लोगों से कहा कि विपक्ष को दंडित करना जरूरी है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जब मोदी को अपशब्द मिलने लगें, जब वे मेरी मां को लेकर बुरा भला कहें और जब ईवीएम पर सवाल उठाए जाएं तो जनता को समझना चाहिए कि अब की बार 400 पार।

उन्होंने आरोप लगया कि इंडी गठबंधन के नेता लोगों को बांटने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि उन्हें पता है कि अगर लोग एकजुट हो गए तो उनकी राजनीति खत्म हो जाएगी।

### भाजपा नेतृत्व ने बदली देश की तस्वीर- गडकरी

इस दौरान केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि भाजपा सरकार ने सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास मंत्र को लेकर कार्य किया है। उन्होंने कहा कि 10 साल में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हिंदुस्तान की तस्वीर बदली है और कांग्रेस 60 सालों में यह काम नहीं कर पाई। जनता को संबोधित करते हुए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी विकसित भारत का निर्माण कर रहे हैं।

## मोदी ने दिखाया बड़ा दिल, मुइज्जू को दी ईद की बधाई

**माले:** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू अपने आका चीन को खुश करने के लिए भारत के खिलाफ चाहे जितना जहर उगलें, भारत हमेशा मालदीव के लिए बड़ा दिल रखता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मालदीव को भेजे गए ईद के बधाई संदेश ने इसे एक बार फिर से साबित कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को ईद-अल-फितर के अवसर पर मालदीव के राष्ट्रपति डॉ मोहम्मद मुइज्जू और मालदीव के लोगों को शुभकामनाएं दीं। बधाई संदेश में प्रधानमंत्री मोदी ने दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंधों का भी जिक्र किया।

## दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क पहली बार आएंगे भारत, मोदी से करेंगे मुलाकात

नई दिल्ली ■

टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क इसी महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने भारत आ सकते हैं। इस दौरान वो अपनी मेगा निवेश योजनाओं की घोषणा भी कर सकते हैं। ईवी अपनाने की रणनीति को भारत काफी आगे ले जा रहा है। हालांकि, टेक अरबपति या उनकी इलेक्ट्रिक कार कंपनी की ओर से मस्क की भारत यात्रा की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। रॉयटर्स ने सूत्रों के हवाले से बुधवार को बताया कि मस्क 22 अप्रैल के आस पास नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिल सकते हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि एक्स के मालिक के साथ टेस्ला के शीर्ष अधिकारी भी आएंगे। इस दौरान मस्क देश में संभावित 2-3 बिलियन डॉलर के विनिर्माण संयंत्र की स्थापना के बारे में घोषणा कर सकते हैं। इससे पहले मस्क ने कहा था कि भारत में टेस्ला का प्रवेश एक प्राकृतिक प्रगति होगी। कंपनी कथित तौर पर कारखाने के लिए जमीन तलाश रही है। टेस्ला के सीईओ ने कहा, सभी वाहन इलेक्ट्रिक हो जाएंगे और यह सिर्फ समय की बात है।



## बाबा रामदेव को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं, सख्त लहजे में कहा 'हम अंधे नहीं'

नई दिल्ली ■

पतंजलि भ्रामक विज्ञापन मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को फटकार लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी माफी को खारिज करते हुए कहा कि 'हम अंधे नही हैं'। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में वो उदार नहीं होना चाहते। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट इस केस में केंद्र के जवाब से भी संतुष्ट नहीं है। कोर्ट ने कहा कि हम आपका दूसरा माफीनामा स्वीकार नहीं कर रहे हैं। कोर्ट ने चेतावनी दी कि वो अगली कार्रवाई के लिए तैयार रहें। शीर्ष अदालत ने कहा कि समाज में सही संदेश जाना जरूरी है। इस मामले की सुनवाई जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच ने की। बेंच ने वकीलों से कहा अदालत अवमाननाकर्ता को संबोधित करें, तो बीच में न आएं। कार्रवाई शुरू होने के बाद सॉलसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, 'मैंने उन्हें बिना शर्त माफी मांगने की सलाह दी थी. उनसे मुझे जो मिला था, वह उसी के अनुरूप है। इसके जवाब में जस्टिस अमानुल्लाह ने कहा कि हम उनकी माफी से संतुष्ट नहीं है।




## सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार की संपत्ति का खुलासा जरुरी नहीं

नई दिल्ली ■

सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया कि मतदाताओं या उनकी सार्वजनिक भूमिका के लिए अप्रासंगिक दावों का खुलासा करने के मामले में एक चुनावी उम्मीदवार की निजता का अधिकार बरकरार रहेगा। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि उम्मीदवारों को उनके या उनके आश्रितों के स्वामित्व वाली प्रत्येक संपत्ति का खुलासा करना अनिवार्य नहीं है। शीर्ष अदालत ने कहा कि उन्हें केवल उन संपत्तियों का खुलासा करने की जरूरत है जो उनकी सार्वजनिक छवि या जीवनशैली को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करती हैं और मतदाता की पसंद पर असर डालती हैं।

### ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट की याचिका खारिज

एक अन्य मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के ब्रेथलाइजर परीक्षण की याचिका खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को चुनाव के दौरान प्रत्येक मतदान केंद्र पर कतार में लगे मतदाताओं का ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट कराने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने याचिका खारिज करने के आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया और कहा, यह अधिक हद तक प्रचार हित की याचिका है।



जनवाहिनी पार्टी की आंध्र प्रदेश इकाई की ओर से पेश वकील ने कहा कि चूंकि आदर्श आचार संहिता लागू है, इसलिए किसी भी मतदाता को शराब के नशे में मतदान करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। पीठ ने कहा, यह क्या है? यह प्रचार के लिए है। मतदान के दिन सूखा दिवस होता है और हर जगह पुलिस कर्मी तैनात होते हैं। हम इस पर विचार नहीं करेंगे। खारिज। जनवाहिनी पार्टी की आंध्र प्रदेश इकाई ने शुरू में उच्च न्यायालय का रुख किया, जिसने 28 फरवरी को याचिका खारिज कर दी थी।

### किस मामले में कोर्ट ने दिया फैसला

सुप्रीम कोर्ट का फैसला उम्मीदवारों की गोपनीयता के अधिकार के लिहाज से महत्वपूर्ण है। शीर्ष अदालत का फैसला अरुणाचल प्रदेश के निर्दलीय विधायक कारिखो क्रि से संबंधित एक मामले की सुनवाई के दौरान आया। शीर्ष अदालत ने 2019 के अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में तेजू से क्रि के चुनाव को बरकरार रखा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एक मतदाता को किसी उम्मीदवार की प्रत्येक संपत्ति के बारे में जानने का पूर्ण अधिकार नहीं है।

## शहडोल में थ्रेसर मशीन में फंसने से 6 साल की बच्ची का सर धड़ से हुआ अलग, मौत

**शहडोल।** जिले के धनपुरी नगर के घिसलीटोला में एक किसान थ्रेसर मशीन में गेंहू की गहाई कर रहा था उसी समय उसकी 6 साल की बेटी चपेट में आ गई और बच्ची का सर धड़ से अलग हो गया। इस दर्दनाक हादसे में बच्ची ने तड़फ-तड़फ कर दम तोड़ दिया है। जानकरी लगते ही मौके पर धनपुरी पुलिस पहुंची और मर्ग कायम कर मामले की पड़ताल में जुट गई है। पुलिस के अनुसार किसान गजाधर लोधी परिवार के साथ थ्रेसर मशीन से गेंहू की फसल की गहाई करा रहे था। तभी वहां पास में खेल रही उनकी 6 साल की मासूम बच्ची राखी खेलते खेलते मशीन के पास जा पहुंच गई उसकी चपेट में आ गई।

## काशी विश्वनाथ मंदिर में अब पुजारी के वेश में तैनात रहेगी पुलिस, 'नो टच पॉलिसी' होगी लागू

वाराणसी ■

वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर के गर्भगृह में अब पुजारी के वेश में पुलिसकर्मी तैनात होंगे। यह फैसला पुलिस और मंदिर प्रबंधन ने मिलकर लिया है। ताकि ज्यादा भीड़ होने पर धक्का-मुक्की के हालात न बने और श्रद्धालुओं को सहूलियत हो। पुलिस यहां 'नो टच पॉलिसी' भी लागू करेगी।

काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या रिकॉर्ड तोड़ बढ़ती ही चली जा रही है। इससे देश और दुनिया के कोने-कोने से आने वाले शिव भक्तों को न केवल धक्कम-धुक्की का सामना करना पड़ रहा था, बल्कि दुर्व्यवहार जैसी शिकायतें भी मिलनी शुरू हो गई थी। इस पर संज्ञान लेते हुए वाराणसी पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने यह निर्णय लिया कि पुजारियों के वेश में पुलिसकर्मियों की तैनाती बाबा विश्वनाथ के गर्भगृह में होगी।



### श्रद्धालुओं को गाइड करेंगे पुलिसकर्मी

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने बताया कि श्रद्धालु पुजारी की बातों को सहज स्वीकार कर लेते हैं, इसलिए ऐसी जगह पर पुलिसकर्मी पुजारी के वेश में रहेंगे। उन्होंने बताया कि तैनात पुलिसकर्मी श्रद्धालुओं को गाइड करेंगे। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि पुजारी के वेश के अलावा पुलिसकर्मी अपनी वर्दी में भी तैनात रहेंगे। महिला पुलिसकर्मी खास तौर से महिलाओं से दर्शन के बाद आगे बढ़ते रहने के लिए अपील करेंगी। उन्होंने आगे बताया कि 'नो टच पॉलिसी' का भी प्रयोग होगा, क्योंकि वीआईपी मूवमेंट के समय श्रद्धालुओं को आमतौर पर पुलिसकर्मी हटा देते हैं। इससे उनको ठेस पहुंचता है।

## अरविंद केजरीवाल को 24 घंटे में कोर्ट से एक और झटका, दिल्ली मुख्यमंत्री की मांग हुई खारिज

नई दिल्ली ■

तिहाड़ जेल में बंद अरविंद केजरीवाल को कोर्ट से एक और झटका लगा है। दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने मुख्यमंत्री केजरीवाल की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने जेल में अपने वकीलों से मिलने के लिए अतिरिक्त समय मांगा था।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने तिहाड़ जेल में अपने वकीलों से से हफ्ते में पांच बार मिलने की अनुमति मांगी थी। फिलहाल जेल मैनुअल के हिसाब से हफ्ते में उन्हें अभी दो बार वकीलों से मुलाकात की अनुमति है। दिल्ली की सीएम की याचिका पर 5 अप्रैल को राऊज एवेन्यू कोर्ट ने मामले में सुनवाई करते हुए फैसला सुरक्षित रख लिया था। इससे पहले दिल्ली की अदालत ने अरविंद केजरीवाल को जेल में इलेक्ट्रिक केतली, मेज, कुर्सी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था।



### तिहाड़ जेल में बंद हैं केजरीवाल

केजरीवाल 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद हैं। उनको 24 घंटे सीसीटीवी निगरानी में तिहाड़ के एक बैरक में रखा गया है। जेल में उन्हें घर का खाना देने की अनुमति है। इसके लिए घर से दिन व रात का खाना लेकर आने वाले लोगों के नाम भी जेल प्रशासन को उपलब्ध कराए गए हैं। जिन व्यक्तियों के नाम उपलब्ध कराए गए हैं, केवल वही मुख्यमंत्री के लिए खाना लेकर आ सकते हैं। खास बात है कि अरविंद केजरीवाल को तीसरी बार तिहाड़ जेल ले जाया गया है।

### दिल्ली सरकार में मंत्री आनंद ने छोड़ी पार्टी

दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें थम नहीं रही हैं. एक तरफ जहां शीर्ष नेतृत्व सलाखों के पीछे है तो वहीं अब उनके साथी भी हाथ छुड़ाने लगे हैं. सामने आया है कि, पटेल नगर से विधायक राजकुमार आनंद ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है. उन्होंने पार्टी से भी इस्तीफा देते हुए पार्टी पर भ्रष्टाचार को लेकर सवाल उठाए हैं. राजकुमार आनंद ने कहा कि, भ्रष्टाचार को लेकर पार्टी की जो नीति है, उससे वह सहमत नहीं है. बीते साल नवंबर में जब ईडी ने सीएम केजरीवाल को जब शराब घोटाले में पूछताछ के लिए बुलाया था

## व्यंग्य : केजरीवाल के विरुद्ध अब हाई कोर्ट की भी 'वाल'..!




ग्लोबल हेराल्ड न्यूज एनालिसिस
GHNA
दिलीप शर्मा
(वरिष्ठ पत्रकार)


शराब घोटाले के आरोपी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के विरुद्ध अब ईडी के साथ ही दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले की एक सख्त और बेहद मजबूत 'वाल' यानी दीवार बन चुकी है और इस दीवार को भेद कर अपना बचाव करना केजरीवाल के लिए निश्चित ही बड़ी चुनौती साबित होगा. उल्लेखनीय है कि जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने कुछ दिन फैसला सुरक्षित रखने और दोनों पक्ष के हर तर्क को गहराई से परखा और फिर 8 अप्रैल को अपने नाम के अनुरूप सोने सा खरा फैसला सुनाया है. स्पष्ट है कि वे भी जानती ही होंगी कि इसके बाद आरोपी सुप्रीम कोर्ट जाएगा.. खैर वही हुआ और केजरीवाल की ओर से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल करने का निर्णय ले लिया गया, लेकिन क्या बच सकेंगे, इसका जवाब तो सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद ही मिलेगा..?

**सुप्रीम कोर्ट राहत ना दे : तो भी क्या फैसले पर उठेंगे सवाल..?**- शराब घोटाले के आरोपी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल अब दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती देने सुप्रीम कोर्ट तो जा रहे हैं लेकिन यदि सुप्रीम कोर्ट के विद्वान न्यायाधीश हाई कोर्ट के फैसले को सही बताते हैं तो क्या आम आदमी पार्टी के नेता जो हाई कोर्ट के फैसले पर सवाल उठाने की हिमाकत कर चुके हैं वे क्या देश की सर्वोच्च न्यायालय के फैसले पर भी सवाल उठाएंगे..? यह हो भी सकता है क्योंकि अपने गिरेबाँ में झांके बगैर भ्रष्टाचार, घोटाले करने वाले नेताओं को कानून में भी यकीन नहीं है. ऐसे नेता वाकई में देश के लिए नासूर बन चुके हैं जो बार बार लोकतंत्र की दुहाई देकर अपना स्वार्थ सिद्ध करना चाहते हैं..?

### केजरीवाल के कर्मों का फल ' आप ' व अन्य दल भी भुगतेंगे..?

सवाल से हैरान ना हों क्योंकि दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले में कुछ तथ्य ऐसे हैं जिनके तहत ' आप ' पार्टी के साथ ही अन्य दलों के लिए भी खतरा उत्पन्न हो सकता है. वैसे दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले के बाद केजरीवाल को लगातार झटके लगे हैं क्योंकि राउंज कोर्ट ने सप्ताह में 5 दिन वकीलों से मुलाकात की याचिका खारिज कर दी. सुप्रीम कोर्ट ने भी तुरंत सुनवाई से मना कर दिया है. कोई विशेष बेंच नहीं बनेगी. इस स्थिति में अगले सोमवार को भी तभी सुनवाई हो सकती है जबकि सुप्रीम कोर्ट यस कहे.केजरीवाल के कर्मों का फल आम आदमी पार्टी को भी भुगतना पड़ सकता है क्योंकि दिल्ली हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत राजनीतिक दल की परिभाषा भी एसोसिएशन या बॉडी ऑफ इंडिविजुअल होती है और होती हैऔर पीएमएलए की धारा 70 के तहत भी कंपनी की परिभाषा समान है यानी लोगों का समूह ही है . हाई कोर्ट ने ईडी की तरफ से पेश वो दलील मान ली है कि आम आदमी पार्टी भी एक कंपनी की तरह काम कर रही थी - और इसे धारा 70 के तहत कंपनी के रूप में ही देखा जाना चाहिए. ऐसे में ईडी आम आदमी पार्टी पर भी केस कर सकता है सुप्रीम कोर्ट अपने पूर्व फैसले में ईडी से पूछ चुका है कि जब पार्टी को लाभ हुआ है तो उसे आरोपी क्यों नहीं बनाया. हाई कोर्ट के फैसले के बाद से अन्य राजनीतिक दलों के लिए भी खतरा उत्पन्न हो गया है जिनके नेता समाजसेवा के नाम पर भ्रष्टाचार कर अपना हित साध रहे हैं..! ज्यादा मुसीबत क्षेत्रीय दलों की है जहां परिवार पार्टी चलाता है..! कुल मिलाकर केजरीवाल समर्थक दलों के जो नेता भ्रष्ट हैं वे ईडी के घेरे में आए और पार्टी को लाभ हुआ तो कार्रवाई हो सकती है..!



## सांसें रोक देने वाले मैच में गुजरात ने मारी बाजी, गिल ने ठोका पचासा, आखिरी गेंद पर राशिद ने पलटा मैच

जयपुर ■

आईपीएल के 17वें सीजन का 24वां मुकाबला गुजरात टाइटंस ने तीन विकेट से राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ जीत लिया। गुजरात ने आईपीएल के इस सीजन में अपनी तीसरी जीत दर्ज की जबकि राजस्थान को उसकी पहली हार उनके घर में मिली। राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में तीन विकेट खोकर 196 रन बनाए। इसके जवाब में गुजरात टाइटंस ने 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 199 रन बनाए। राशिद खान ने आखिरी दो ओवरों में मैच का पासा गुजरात के हक में पलट दिया। इस दमदार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। गुजरात इस जीत के साथ अंक तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई। अब टीम के खाते में छह अंक हो गए हैं। वहीं, पंजाब को नुकसान झेलना पड़ा है। वह सातवें स्थान पर पहुंच गई है जबकि राजस्थान रॉयल्स आठ अंकों के साथ शीर्ष पर बनी हुई है।



### आखिरी ओवर का रोमांच

18 ओवर के बाद टीम को 12 गेंदों में 35 रन की जरूरत थी। क्रीज पर राशिद खान दो गेंदों में दो रन और राहुल तेवतिया सात गेंदों में 11 रन बनाकर नाबाद खेल रहे थे। पारी का 19वां ओवर कुलदीप सेन फेंकने आए जिन्होंने 20 रन खर्च कर दिए।

**न्यूज ब्रीफ**

## इंदौर में आचार संहिता से पहले नहीं हुआ ब्रिज का लोकार्पण, जनता ने शुरू कर दिया आवागमन



**इंदौर (ग्लोबल हेराल्ड)।** निर्माण पूरा होने के बावजूद इंदौर में हाथीपाला ब्रिज का लोकार्पण एक माह से नहीं हो रहा था। लोगों को ब्रिज नहीं खुलने के कारण ज्यादा दूरी तय करना पड़ रही थी। इसके बाद बेरिकेड हटाकर लोगों ने खुद ही ब्रिज का वाहन चलाकर लोकार्पण कर दिया। इस ब्रिज से अब रोजाना हजारों वाहन गुजर रहे है, हालांकि ब्रिज के रंग-रोगन और विद्युतीकरण का काम बचा है, लेकिन जनता कहा मानने वाली है। उन्होंने अपनी सुविधा देखते हुए ब्रिज पर वाहनों के साथ आवाजाही शुरू कर दी। हाथीपाला ब्रिज का काम पिछले साल 15 जनवरी से शुरू हुआ था। ब्रिज के निर्माण की अवधि छह माह रखी गई थी, लेकिन सालभर बाद भी ब्रिज तैयार नहीं हो पाया। इसके निर्माण पर नगर निगम ने पांच करोड़ रुपये खर्च किए है। पहले ब्रिज की चौड़ाई कम थी और प्रतिदिन 70 हजार से ज्यादा वाहन इस ब्रिज से गुजरते थे। नगर निगम ने एक महीने तो पुराना ब्रिज तोड़ने में लगा दिया। इसके बाद काम शुरू हुआ। बारिश के मौसम में काम फिर प्रभावित हुआ। यह ब्रिज जवाहर मार्ग को सरवटे बस स्टैंड, चंपाबाग, हाथीपाला सहित अन्य व्यापारिक क्षेत्रों से जोड़ता है। पहले ब्रिज की चौड़ाई कम थी। इससे यातायात बार-बार बाधित होता था। मार्च में ब्रिज बनकर तैयार हो चुका था, लेकिन आचार संहिता के कारण उसका लोकार्पण जनप्रतिनिधियों ने नहीं किया। लोकार्पण में देरी होते देख लोगों ने खुद बेरिकेड हटाकर ब्रिज आवागमन के लिए खोल दिया। प्रतिदिन अब हजारों वाहन ब्रिज से गुजर रहे है, हालांकि ब्रिज के एक हिस्से पर पाइप भी रखे हुए है। बिजली का काम अधूरा होने के कारण ब्रिज पर रात को अंधेरा भी रहता है।

## इंदौर में मतांतरण नहीं करने पर जान से मारने की धमकी, पूर्व सरपंच की बेटी को धमकी, छेड़छाड़

**इंदौर (ग्लोबल हेराल्ड)।** शहर में मंगलवार को एक और लव जिहाद का मामला सामने आया है। रियल एस्टेट का कार्य करने वाली महिला को सादिक नामक आरोपित मतांतरण करने और अपनी बात मानने की धमकी देते हुए कहा कि यदि वह ऐसा नहीं करेगी तो महिला और उसके बच्चों को जान से मार देगा। साथ ही 20 लाख रुपये की मांग भी की। राशि नहीं देने पर वह महिला की बेटी को जान से मारने की भी धमकी भी दे रहा है। धमकी में उसने यह भी कहा कि बिते दिनों भंवरकुआं क्षेत्र में तीन गोलियां मारी गई थी यदि मेरी बात नहीं मानी तो पांच गोलियां मार दूंगा। मनचले ने पूर्व सरपंच की बेटी के साथ अश्लील हरकत की। सरेराह हाथ पकड़ा और उठाकर ले जाने की धमकी दी। पुलिस ने केस दर्ज किया है। घटना निवार्णा रोड भांगिया की है। 20 वर्षीय युवती ने जीतू ठाकुर के खिलाफ रिपोर्ट लिखवाई है। आरोपित ने काल कर धमकाया। उसने कहा कि किसी से शिकायत की तो उठाकर ले जाऊंगा।

## नागपुर में खराब मौसम की वजह से इंदौर डायवर्ट हुआ विमान, दो घंटे बाद हुआ रवाना

**इंदौर (ग्लोबल हेराल्ड)।** मौसम खराब होने की वजह से नागपुर जा रहे विमान को इंदौर एयरपोर्ट पर डायवर्ड किया गया। इंदौर एयरपोर्ट पर दो घंटे विमान खड़ा रहा, इसके बाद नागपुर के लिए रवाना हुआ। एक घंटे बाद छह यात्री इंदौर एयरपोर्ट पर ही उतर गए। 176 यात्री नागपुर के लिए रवाना हुआ। मुंबई से नागपुर जा रहे विमान को मंगलवार रात को इंदौर एयरपोर्ट पर डायवर्ट किया गया। एयरपोर्ट प्रबंधन के मुताबिक एयर इंडिया की फ्लाइट



(एआई-629) फ्लाइट 7.50 बजे मुंबई से रवाना हुई। जब यह नागपुर के समीप पहुंची तो वहां तेज हवाओं और बारिश के चलते खराब मौसम को देखते हुए एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने विमान को उतरने की अनुमति नहीं दी। विमान को इंदौर डायवर्ट किया गया। फ्लाइट रात 9.40 बजे इंदौर पहुंची। विमान में 182 यात्री सवार थे। यात्रियों को विमान में ही बैठाए रखा गया और मौसम साफ होने पर दो घंटे बाद विमान को रवाना किया गया। इस दौरान छह यात्री इंदौर में ही उतर गए। रात में एयर इंडिया का स्टाफ मौजूद न होने और सुरक्षा कारणों से यात्रियों को विमान में ही बैठाए रखा गया। इस पर यात्री विमान में ही हंगामा करने लगे। मौसम साफ होने के बाद रात 11.30 बजे 176 यात्रियों को लेकर विमान इंदौर से रवाना हुई और 12.40 बजे नागपुर पहुंचा। तब यात्रियों ने चैन की सांस ली। विमान के देरी से नागपुर पहुंचने के कारण रात 9.30 बजे नागपुर से मुंबई जाने वाली उड़ान देरी से रवाना हुई।

## निःशुल्क प्लास्टिक सर्जरी एवं ग्रीवा कैंसर की पेप स्मीयर जाँच का शिविर 12 अप्रैल से

**इंदौर (ग्लोबल हेराल्ड)।** इंदौर के रार्बट नर्सिंग होम में 23वां निःशुल्क प्लास्टिक सर्जरी शिविर का आयोजन 12 अप्रैल से शुरू होगा। यह शिविर 14 अप्रैल तक चलेगा। शिविर का शुभारंभ सुबह साढ़े 9 बजे किया जायेगा। इस अवसर पर संभागायुक्त श्री दीपक सिंह, कलेक्टर श्री आशीष सिंह तथा उद्योगपति एवं समाजसेवी श्री गिरीश मतलानी भी उपस्थित रहेंगे। बताया गया कि यह शिविर सहायता संस्था के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में विशेष रूप से सिर्फ गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों के ही ऑपरेशन किये जायेंगे। जन्मजात शारीरिक विकारों (कटे होंठ, तालू) एवं किसी दुर्घटना के बाद छूटे निशानों एवं जलने के कारण आयी विकृति के ऑपरेशन होंगे। इस शिविर में वरिष्ठशल्य चिकित्सक डॉ. प्रकाश छजलानी भी अपनी निःशुल्क सेवायें देंगे। रार्बट नर्सिंग होम के सेक्रेटरी एवं ट्रस्टी डॉ. वी. एस. यशलहा ने बताया कि इस शिविर हेतु अस्पताल के ऑपरेशन थियेटर एवं मरीजों हेतु रहने की व्यवस्था निःशुल्क प्रदान की जायेगी। साथ ही मरीजों हेतु अन्य सारी व्यवस्था भी उपलब्ध कराई जायेगी। इस शिविर में सिर्फ कटे होंठ, तालू एवं कुछ ऑपरेशन योग्य जले हुए मरीजों के आपरेशन किये जायेंगे। ऑपरेशन हेतु मरीजों का चयन डॉ. प्रकाश छजलानी द्वारा स्वयं दिनांक 12 अप्रैल 2024 को प्रातः 08:00 बजे से 09:30 बजे तक रॉबर्ट नर्सिंग होम पर किया जायेगा।

# संस्कार इतने मजबूत होने चाहिए कि प्रत्येक व्यक्ति एक संगठन बन सके

**इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड**







**भारत विकास परिषद अहिल्या नगरी शाखा, इंदौर, नवीन सत्र 2024-25 की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के सदस्यों का दायित्व ग्रहण स्थानीय जाल सभागृह में एक गरिमामय समारोह में इंडियन प्लास्ट पैक फोरम के अध्यक्ष श्री सचिन बंसल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। विशेष अतिथि के रूप में विनर्स इंस्टीट्यूट के फाउंडर आदित्य पटेल उपस्थित रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत विकास परिषद के प्रांतीय महासचिव विजय नामदेव ने की।**

निवृतमान अध्यक्ष श्रीमती प्रीती राकेश धनौते और सचिव अजय शर्मा ने बताया कि वर्ष 2024-25 के लिए संजय सूर्यवंशी अध्यक्ष और भरत नागर सचिव मनोनीत हुए हैं। इनका साथ देने के लिए उपाध्यक्ष द्वय श्रीमती सपना लखोटिया और सीमा माहेश्वरी के साथ सह सचिव जितेंद्र राठी, कोषाध्यक्ष महेंद्र पंवार और प्रचार प्रमुख की भूमिका में राजकुमार जैन रहेंगे। 13 सदस्यीय कार्यकारिणी में प्रदीप धनोतिया, दिलीप सोनी, दीपक बाहेती, अजय शर्मा, विपिन जैन, आशीष गर्ग, योगेश केवड़ा, शिवकुमार गुप्ता, नीरज मित्तल, राजेंद्र आर्य, अनुराधा ठक्कर, हेमंत राठौर और अभिषेक सिंह रहेंगे। संपर्क प्रमुख का दायित्व इस वर्ष राकेश बामोरिया निबाहेंगे। महिला संकाय प्रमुख श्रीमती रश्मि शर्मा और उप प्रमुख श्रीमती संध्या पोरवाल रहेंगी। परिषद द्वारा चलाई जा रही विभिन्न सेवा गतिविधियों के प्रकल्पों में संदीप नागर चिकित्सा, किशोर कोठरी पर्यावरण, भूषण सूर्यवंशी शिक्षा, गौरव दरक संस्कार, पंकज राठौर जल सेवा और जी पी गोयन मानव सेवा प्रकल्प का दायित्व निर्वहन करेंगे। कार्यक्रम का आरंभ प्रीती धनोते द्वारा नव वर्ष के स्वागत में गीत गाकर किया गया, तत्पश्चात, सदस्यों द्वारा श्रीमती ज्योति जैन के नेतृत्व में संगीतमय राष्ट्र भक्ति नाट्य ले चलें हम राष्ट्र नौका को भंवर से पार कर की प्रस्तुति दी गई। सभागार में उपस्थित सभी सदस्यों और अतिथियों द्वारा प्रज्वलित दीपक हाथ में लेकर लयबद्ध रूप से लहराकर एक अदभुत ध्वनि प्रकाश कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। दायित्व ग्रहण समारोह की विधिवत शुरूआत राजेंद्र मंत्री द्वारा वंदे मातरम की प्रस्तुति द्वारा की गई।

**अतिथि स्वागत :** सचिन बंसल का स्वागत वीनस वाणी, आदित्य पटेल का स्वागत संजय मेहता एवं विजय नामदेव का स्वागत राधाकृष्ण भटोरे द्वारा श्रीफल और रूमाल से किया गया।

### हमें लौकिक मुद्रा के साथ पुण्य भी कमाना चाहिए

विशेष अतिथि आदित्य पटेल ने भारतीय संस्कारों पर चर्चा करते हुए नमस्कार की महत्ता बताते हुए कहा कि जब आप किसीको नमस्कार करते है तो आप कहते हैं कि मैं आपके अंदर बसे हुए ईश्वर को नमन करता हूं। जो अपने आप में एक उत्तम भाव है। आगे उन्होंने कहा कि पृथ्वीलोक में रूपया, डॉलर, यूरो, येन, पाउंड जैसी अनेकों मुद्राएं चलन में हैं लेकिन परलोक में पुण्य नाम की एकमात्र मुद्रा चलती है अतः हमें लौकिक मुद्रा के साथ पुण्य भी कमाना चाहिए। बच्चों को सफल होना सीखाने के लिए असफलता का सबक सिखाना भी जरूरी है अन्यथा जीवन में पहली असफलता ही उनकी हिम्मत तोड़ देगी। मुख्य अतिथि सचिन बंसल ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि नवायुवको का कैरियर मार्गदर्शन करना बहुत जरूरी है, उनके उज्जवल भविष्य के लिए उन्हें इंटरप्रेनरशिप का प्रशिक्षण देना चाहिए। नव निर्वाचित कार्यकारिणी के समस्त सदस्यों को दायित्व ग्रहण की शपथ कार्यक्रम अध्यक्ष और शपथ अधिकारी भारत विकास परिषद के प्रांतीय महासचिव विजय नामदेव द्वारा दिलवाई गई। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर अतिथियों और उपस्थित समस्त परिवारों का आभार प्रदर्शन भरत नागर द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन वाकपटु एवम रोचक शब्द संचालन कला में माहिर डॉ. ज्योति जैन द्वारा कुशलता पूर्वक किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान टू सेज फाउंडेशन द्वारा एक अभियान के तहत गर्मियों में पक्षियों के लिए दाना-पानी हेतु सकोरों का वितरण किया गया। सभा समाप्ति के पूर्व परिषद की परंपरा अनुसार हॉल में उपस्थित सभी लोगों द्वारा खड़े होकर सामूहिक राष्ट्र गान गाया गया।

तत्पश्चात निवृतमान अध्यक्ष प्रीती धनोते द्वारा बीते वर्ष का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया और अपनी उपलब्धियों के बारे में बताया गया, चिकित्सा, शिक्षा, संस्कार, जल सेवा, मानव सेवा, गौसेवा जैसे स्थानीय प्रकल्पों के साथ राष्ट्रीय प्रकल्पों विशेषकर यातायात सुधार, भारत को जानो, गुरुवंदन छात्र अभिनंदन, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण एवम संरक्षण, वन भ्रमण, रोग निदान शिविर, शिक्षा सहयोग, महिला सशक्तिकरण आदि के अंतर्गत की गई सेवा और राष्ट्र निर्माण गतिविधियों और वर्ष भर में हुए सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई, अपने उद्बोधन के अंत में उनके द्वारा नवीन कार्यकारिणी को शुभकामनाएं प्रेषित की गई। इसके पश्चात ज्योति जैन के अनुरोध पर किडनी की बीमारी से पीड़ित गरीब दुखियारों के डायलासिस हेतु सभागार में उपस्थित सभी व्यक्तियों द्वारा अपना अपना सहयोग दिया गया। यह अपने आप में एक अभिनव प्रयोग था जिसमें सभी व्यक्तियों द्वारा बढ़चढ़ कर भाग लिया गया। सभा को संबोधित करते हुए प्रांतीय महा सचिव विजय नामदेव ने कहा कि हम सब अपने आप में एक सशक्त संगठन हैं। शपथ एक संकल्प है, एक विचार है, एक भाव है जिसको लेकर व्यक्ति संगठन से और उससे आगे बढ़कर राष्ट्र से जुड़ जाता है। संस्कार की महत्ता का बखान करते हुए उन्होंने संस्कार प्रकल्प को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को परिषद से जोड़ने का आव्हान किया। उन्होंने लोगों से प्रश्न पूछा कि रामायण और महाभारत का मूल नाम क्या है, इसके जवाब में सभी बगलें झांकने लगे, उन्होंने उत्तर देते हुए दशानन वध और जय संहिता नाम बताए तो हाल तालियों से गूंज उठा। उन्होंने नव निर्वाचित कार्यकारिणी सदस्यों को उनके दायित्व के बारे में सारगर्भित जानकारी दी।

# शारजाह की फ्लाइट से आए पैसेंजर के जूतों और अंडरवियर में मिला 2 करोड़ का सोना

**इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड**



इंदौर में एक बार फिर एयरपोर्ट पर बड़ी मात्रा में अवैध सोने के साथ पैसेंजर को पकड़ा गया है। आरोपी युवक शारजाह से सोने को पेस्ट के रूप में छिपाकर लेकर आया था लेकिन वो इंदौर एयरपोर्ट से बाहर निकल पाता इससे पहले ही उसे पकड़ लिया गया। आरोपी गुजरात का रहने वाला बताया जा रहा है और उसके पास से करीब 2 करोड़ रुपए का अवैध सोना जब्त हुआ है। आरोपी को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की जा रही है।

### जूतों-अंडरवियर से निकला सोना

राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) इंदौर इकाई के अधिकारियों को मुखबिर से सूचना मिली थी कि अंतरराष्ट्रीय उड़ान क-256 में शारजाह से इंदौर आने वाला एक व्यक्ति भारी मात्रा में सोना लेकर आ रहा है। सूचना पर डीआरआई की टीम ने इंदौर के देवी अहिल्या बाई एयरपोर्ट पर आरोपी को धरदबोचा। जब आरोपी की तलाशी ली गई तो उशके जूतों के सोल और अंडरवियर से पेस्ट के रूप में बड़ी मात्रा में सोना बरामद हुआ है। आरोपी गुजरात का रहने वाला है।

### मुखबिर को मिलेगा ईनाम

डीआरआई अधिकारी ने बताया कि ऐसे मामलों में मुखबिर को उपयुक्त इनाम भी दिया जाता है और जनता से अपील की जाती है कि यदि कार्यालय को मादक पदार्थों या सोने और कीमती धातुओं की तस्करी से संबंधित किसी विशेष संदिग्ध गतिविधि की सूचना दी जाती है, तो मुखबिर को उपयुक्त इनाम दिया जाएगा।

## विज्ञापनों के सम्बन्ध में आयोग ने जारी किए दिशा- निर्देश

**इंदौर।** भारत निर्वाचन आयोग ने निर्वाचन अवधि के दौरान प्रकाशित होने वाले विज्ञापनों के लिए मार्गदर्शी सिद्धांतों को प्रभावशील कर लागू किया है। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइड लाइन में आदर्श आचार संहिता को सर्वोपरि मान्य किया गया है। आयोग ने कहा है कि समाचार माध्यमों से प्रकाशित-प्रसारित करने के पूर्व विज्ञापनों के मामले में यह सुनिश्चित किया जाए की उनमें नैतिकता एवं शिष्टता हो तथा किसी की भी धार्मिक भावनाओं को आघात ना पहुंचे। आयोग ने स्पष्ट दिशा निर्देश जारी किए है कि ऐसा कोई विज्ञापन प्रकाशित नही किया जाए जो किसी भी जाति, धर्म, रंग, पंथ और राष्ट्रीयता का उपहास करता हो। ऐसा विज्ञापन जो संविधान के किसी भी उपबंध के विरूद्ध हो, प्रकाशित एवं प्रसारित नहीं होना चाहिए।

# नशे में कार चालक ने रेपिडो ड्राइवर को रौंदा, कई लोगों को टक्कर मारकर भाग निकला



**इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड**

इंदौर के लसूड़िया इलाके में एक तेज रफ्तार कार ने कई गाड़ियों को टक्कर मारने के बाद एक की जान ले ली और कई लोगों को घायल कर दिया। घटना इंदौर के लसूड़िया थाना क्षेत्र की है। यहां पर मंगलवार देर रात एक बजे यह घटना हुई।

लसूड़िया पुलिस के मुताबिक सफेद रंग की कार तेज रफ्तार में चल रही थी। इसने कई गाड़ियों को टक्कर मारी। हादसे में रतन पुत्र छोटेलाल सूर्यवंशी निवासी नार्थतोड़ा की मौके पर ही मौत हो गई। वह रेपिडो में ड्राइवर का काम करता था। जब टक्कर हुई तब वह कई फीट दूर उछलकर बिजली के पोल से टकराया था। उसका हेलमेट भी गिर गया। जबकि एक बाइक पर सवार पिता-पुत्र और एक अन्य बाइक सवार को चोट आई है। सभी को अलग-अलग अस्पताल भेजा गया है। घायलों का इलाज जारी है। नगर सुरक्षा समिति के अश्विन जैन ने बताया कि कार बहुत अधिक तेज गति में चल रही थी।

### सीसीटीवी नहीं मिले

पुलिस को फिलहाल सीसीटीवी फुटेज नहीं मिल पाए हैं क्योंकि कार चालक बहुत तेज गति से कार चला रहा था। इसके साथ घटना देर रात को होने से लोग भी कार का नंबर नहीं देख सके। पुलिस आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी निकाल रही है।

ड्राइवर संभवत नशे में था। उसने पहले लालूराम और उसके सात साल के बेटे करण को टक्कर मारी। वहह दोनों काफी दूर जाकर गिरे। हादसे में बच्चे के दोनों हाथ फैक्चर हो गए हैं। इसके बाद कार ने एक अन्य बाइक सवार रतन को टक्कर मारी। कार ने रतन को अपनी चपेट में ले लिया और उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक कार चालक ने तीन जगह टक्कर मारी। पहली टक्कर मेट्रो टावर के पास मारी जिसमें पिता-पुत्र घायल हुए। इसके बाद दूसरी टक्कर शालीमार टाउन शिप महेन्द्रा शोरूम के पास मारी जहां रेपिडो ड्राइवर की मौत हो गई। तीसरी टक्कर शालीमार टाउनशिप में मारी और फिर तेज गाड़ी भगाते हुए भाग गया।

# आरएसएस और भाजपा ने ही मुझे कांग्रेस से विधायक चुनाव लड़वाया, मैंने हारकर उषा ठाकुर को जिताया

**इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड**



कांग्रेस से भाजपा में आए महू के नेता रामकिशोर शुक्ला ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। उन्होंने बुधवार को कहा कि वे आरएसएस और भाजपा नेताओं के कहने पर ही कांग्रेस में गए थे। शुक्ला ने कहा चुनाव से पहले मुझे संघ के पदाधिकारी मित्र ने कहा था कि आपको कांग्रेस ज्वाइन करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उषा ठाकुर दीदी का महू में भाजपा वाले ही विरोध कर रहे हैं। इस बार भितरघात के कारण उनकी जीत मुश्किल लग रही है। इसलिए आप कांग्रेस में चले जाओ और वहां से चुनाव लड़ो। कांग्रेस के नेता नाराज होकर निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे और कांग्रेस के वोट बंटने से उषा ठाकुर जीत जाएंगी। शुक्ला ने कहा इसी रणनीति का लाभ उठाकर दीदी इस बार महू से रिकॉर्ड मतों से जीत गईं थी।

### मुझे वीरगति मिली

शुक्ला ने कहा कि उषा ठाकुर को विधायक बनाने के लिए भाजपा ने यह रणनीति की। कांग्रेस के पूर्व विधायक अंतर सिंह दरबार निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ेंगे, इसकी व्यवस्था भी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के द्वारा की गई। शुक्ला ने कहा कि मुझे चुनावी महाभारत में कांग्रेस के चक्रव्यूह में लड़ने के लिए भेजा, इसमें मैं वीरगति को प्राप्त हुआ। पांडवों की विजय हुई। इसी कारण विधायक उषा ठाकुर 34 हजार मतों से दूसरी बार महू से जीतीं। इसकी कल्पना स्वयं उषा दीदी को भी नहीं थी, यह बात उन्होंने भी स्वीकार की है। चुनाव में उषा ठाकुर को 1 लाख 02 हजार 989, कांग्रेस के बागी निर्दलीय प्रत्याशी अंतरसिंह दरबार को 68 हजार 597 और भाजपा से बगावत कर कांग्रेस प्रत्याशी बने रामकिशोर शुक्ला को 29 हजार 144 वोट ही मिले थे।

### नशा मुक्ति संबंधी बैठक 12 अप्रैल को

**इंदौर।** नशा मुक्ति से संबंधित बैठक 12 अप्रैल को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। इस बैठक में नशा मुक्ति के क्षेत्र में कार्य करने वाली समस्त संस्थाएं, प्रोफेशनल, समाजसेवी इत्यादि शामिल होंगे। बैठक में नशा मुक्ति के संबंध में विस्तार से चर्चा कर भविष्य की कार्ययोजना तैयार की जायेगी।

# कहानी से बोएँ बच्चों में विचारों के बीज...

**फिर भी जिंदगी हसीन है...**
dreamsachieverspune@gmail.com

दोस्तों, हाल ही में एक कक्षा नवीं के छात्र की काउन्सलिंग करने का मौक़ा मिला। बातचीत के दौरान मुझे एहसास हुआ कि पिता और बच्चे के बीच रिश्ता सामान्य नहीं है। जब मैंने बच्चे से इस विषय में बात करी तो वह बोला, 'सर, हम दोनों की सोच बिल्कुल अलग है। मैं पूर्व हूँ तो वे पश्चिम हैं। किसी भी विषय में हमारी सोच मिलती नहीं है।' जब मैंने उस बच्चे से किसी घटना या उदाहरण के माध्यम से समझाने का कहा तो वह बोला, 'सर, वे मुझे आज भी बच्चा मानते हैं और उन्हें लगता है कि मैं ख़ुद का ध्यान रखने में सक्षम नहीं हूँ। इसीलिए वे मेरी पसंद-नापसंद, दोस्तों आदि सभी पर उँगली उठाते रहते हैं।' बच्चे का मत जानने के बाद जब मैंने उसके पिता से इस विषय में बात करी तो उन्होंने बोला, 'सर, मैच्युरिटी ना होने के कारण बच्चा किसी परेशानी में ना पड़ जाए इसलिए मैं उसे टोकता हूँ। जैसे आजकल यह ग़लत संगत में पड़ गया है, इसलिए मुझे उसे दोस्तों के लिये टोकना पड़ रहा है।' पिता की बात सुनते ही मुझे सारा माजरा समझ आ गया। उनका याने पिता का उद्देश्य नहीं, बल्कि बच्चे को समझाने का तरीक़ा ग़लत था। मैंने तुरंत पिता को कहा, 'सर, मेरा मानना है कि बच्चे इंस्ट्रक्शन से नहीं एक्साम्पल से सीखते हैं। आप उसे आदेश देते हुए याने इंस्ट्रक्शन से सिखाने का प्रयास कर रहे हैं। इसीलिए सारी परेशानी आ रही है। अगर आप उसे वाक़ई सिखाना चाहते हैं तो आप उसे अपने जीवन की कोई घटना, कोई कहानी सुना सकते हैं, किसी सफल व्यक्ति की जीवनी या किताब के माध्यम से उसे सही रोल मॉडल चुनने में मदद कर सकते हैं। जैसे मान लीजिए बच्चे को अच्छी संगत के विषय में बताना हो तो आप उसे निम्न कहानी सुना सकते हैं। कई साल पूर्व एक हकीम लुकमान हुए थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन ज़रूरतमंदों की सहायता करने के लिए समर्पित कर दिया था। जब उनका अंतिम समय नज़दीक आया तो उन्होंने अपने बेटे को पास बुलाया और कहा, 'बेटा जैसा कि तुम जानते हो मैंने अपना पूरा जीवन लोगों को शिक्षा देने में गुज़ारा है। अब मेरा अंतिम समय आ गया है इसलिए मैं तुम्हें जीवन का एक महत्वपूर्ण सूत्र सिखाना चाहता हूँ। लेकिन उससे पहले तुम मेरा एक छोटा सा काम कर दो, मेरे लिये थोड़ा सा कोयला और थोड़ा सा चंदन लेकर आ जाओ।' बेटे को पिता का बताया काम थोड़ा अटपटा सा लगा पर उसने सोचा कि पिता का हुक्म है तो इसे पूरा तो करना पड़ेगा। विचार आते ही वह कोयला और चंदन की लकड़ी लेने चला गया। सबसे पहले वह घर के चौके याने किचन में गया वहाँ से थोड़ा सा कोयला उठाया और फिर उसके बाद घर में रखा चंदन का टुकड़ा लेकर अपने पिता याने हकीम लुकमान के पास पहुँच गया। उसे देख हकीम लुकमान बोले, 'बेटा, अब इस चंदन की लकड़ी और कोयले को नीचे फेंक दो।' बेटे ने ऐसा ही किया और अपने हाथ गंदे देखकर उसे धोने के लिए बाहर जाने लगा। तभी हकीम लुकमान बोले, 'रुको बेटा, हाथ धोने जाने से पहले अपने उस हाथ को सूंघ कर देखो जिससे तुमने चंदन की लकड़ी को पकड़ा था।' लड़के ने तुरंत वैसा ही किया। हकीम लुकमान ने अगला प्रश्न करते हुए कहा, 'अब जरा मुझे बताओ तुम्हारे हाथ में कैसी ख़ुशबू आ रही थी?' बच्चा बोला, 'पिताजी, मेरे हाथ में चंदन की ख़ुशबू आ रही थी।' हकीम लुकमान मुस्कुराए और बोले, 'चलो, अब मुझे वह हाथ दिखाओ जिससे तुमने कोयले को पकड़ा था।' बेटे ने वैसा ही किया। उसके हाथ को देखते हुए हकीम लुकमान बोले, 'देखो बेटा कोयला पकड़ते ही तुम्हारा हाथ काला हो गया और यह कालिख कोयला फेंकने के बाद भी तुम्हारे हाथ में लगी रह गई।' इसके बाद वे एक पल के लिये चुप हुए फिर बोले, 'संगति का प्रभाव हमारे जीवन पर ऐसे ही पड़ता है। ग़लत संगति कोयले समान है। अर्थात् अगर तुम ग़लत लोगों के साथ रहोगे तो परेशान और दुखी रहोगे। इतना ही नहीं उनसे दूर होने के बाद भी, पूर्व में साथ रहने के कारण जीवन भर के लिए तुम्हारे नाम के साथ बदनामी जुड़ जाएगी। दूसरी ओर सज्जनों का साथ चंदन की लकड़ी के समान है। जो साथ रहते हैं तो ज्ञान देकर, अच्छी बातें सिखाकर हमारे जीवन को महकाते हैं और साथ छूटने पर उनसे सीखी गई बातें हमारे जीवन को बेहतर बनाती है।' कहानी पूरी होते ही मैंने उस बच्चे के पिता की ओर देखते हुए कहा, 'सर, कहानी या उदाहरण के माध्यम से बच्चों के अंदर अच्छे विचारों के बीज बोना हर हाल में उसके जीवन मूल्यों को बेहतर बनाता है। जो अंततः उसकी निर्णय लेने की क्षमता को सुधारकर उसके जीवन को बेहतर बनाता है।



निर्मल भटनागर (एजुकेशनल कंसलटेंट एवं मोटिवेशनल स्पीकर)
दैनिक ग्लोबल हेराल्ड

# तीन मामलों में लगभग ढाई लाख रुपए से अधिक कीमत की मदिरा और वाहन जप्त

**इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड**



इंदौर जिले में लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर मदिरा के अवैध क्रय-विक्रय, परिवहन, भण्डारण की रोकथाम के लिये कलेक्टर श्री आशीष सिंह के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग के दलों द्वारा अभियान चलाकर लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

सहायक आबकारी आयुक्त श्री मनीष खरे ने बताया कि आबकारी विभाग के अमले द्वारा 09 और 10 अप्रैल 2024 को कार्यवाही करते हुए महत्वपूर्ण प्रकरण पंजीबद्ध किये गये। इसी कड़ी में गत 09 अप्रैल 24 को दोपहिया वाहन ळश्र जुपिटर से एक पीला बैग में 100 पाव (02 पेटी) देशी मदिरा प्लेन का अवैध परिवहन करते हुए शिवम पिता कमल किशोर निवासी 35 ब्रह्मबाग कालोनी इंदौर को पकड़ा गया। ळश्र जुपिटर न.ढध 09झ्रेइ-8698 को दौरान ए गश्त पीछा करते हुए संयोगितागंज रोड पर रोककर उपरोक्त अनुसार बरामद अवैध शराब को जप्त कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया। जप्त मदिरा और वाहन की अनुमानित कीमत लगभग 75 हजार रुपए है। इसी तरह आज आबकारी वृत्त काछी मोहल्ला में गश्त के दौरान आरोपी प्रवीण पिता भीमराव ऊके को एक्टिवा MP09-SW-7378 पर दो पेटी बीयर व दो पेटी देशी शराब का अवैध परिवहन करते पकड़ा गया। मदिरा और वाहन की अनुमानित कीमत 90 हजार रुपए है। इसी प्रकार आज दोपहिया वाहन हौंडा एक्टिवा में अवैध परिवहन करते हुए शिवा पिता सुंदर लाल निवासी पीथमपुर धार से एक पेटी देशी मदिरा प्लेन को जप्त कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया। जप्त मदिरा और वाहन की अनुमानित कीमत लगभग 73 हजार 500 रुपए है।

## ...कैंप के लिए अभी इंतजार

**इंदौर (ग्लोबल हेराल्ड)।** इंदौर के चोइथराम नेत्रालय के आपरेशन थियेटर को कलेक्टर आशीष सिंह ने खोलने की अनुमति दे दी है। कुछ दिन पहले मोतियाबिंद के कैंप के दौरान यहां पर कई लोगों की आंख में इन्फेक्शन हो गया था। यह आपरेशन 20 मार्च को हुए थे। कैंप में 79 मोतियाबिंद ऑपरेशन हुए थे। नौ मरीजों की आंख में इन्फेक्शन हुआ था। बताया जा रहा है कि अभी सभी मरीज की हालत में सुधार है। इसके बाद ही आपरेशन थियेटर खोलने का निर्णय लिया गया है। प्रशासन के अनुसार आपरेशन थियेटर खोलने के बाद अस्पताल प्रबंधन को तीन कल्चर कराना होंगे।

# इंदौर-रेल लाइन प्रोजेक्ट - पांच साल में भी नहीं बन पाई 2.8 किमी लंबी टनल

## वर्ष 2019 में इस सुरंग का काम शुरू हुआ था, गत वर्ष से टनल का काम दोनों छोर से तेजी से किया जा रहा है

**इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड**

इंदौर-दाहोद नई रेल लाइन प्रोजेक्ट में इंदौर-धार के बीच पीथमपुर के पास बनने वाली 2.8 किमी लंबी टनल का काम पिछले पांच वर्ष में भी पूरा नहीं हुआ है। हालांकि गत वर्ष से टनल का काम दोनों छोर से तेजी से किया जा रहा है। लेकिन अब भी 350 मीटर के हिस्से में खुदाई होना बाकी है। बता दे कि 2013 के बाद इंदौर-दाहोद (205 किमी) प्रोजेक्ट जमीन पर आया। वर्तमान में इंदौर - टिही तक रेल लाइन डालकर मालगाड़ी ट्रेनों का संचालन शुरू हो चुका है। दाहोद से कतवारा तक काम पूरा हो चुका है। पीथमपुर-सागौर रेलखंड (9.3किमी) पर ट्रैक बिछाने काम भी पूरा कर लिया गया है।



वर्ष 2019 में इस सुरंग का काम शुरू हुआ था। जिसमें सुरंग का पी-वन और पी-टू दोनों सिरे से विपरीत दिशा में खुदाई का काम किया गया था। लेकिन कुछ समय बाद ही काम कर रही एजेंसी ने बीच में ही काम छोड़ दिया। इसके बाद कोविड के दौर में भी काम नहीं हो पाया। गत वर्ष जब काम शुरू किया गया, तो सुरंग के दोनों हिस्सों में पानी भर गया था, जिसे निकालने में ही काफी समय लग गया। इस सुरंग को जमीन से 60 फीट नीचे बनाया जा रहा है। रेल अफसरों के अनुसार कई कर्मचारी दिन-रात यहां काम कर रहे है। अब सिर्फ 350 मीटर का हिस्सा बचा हुआ है।(दोनों सिरे मिलते ही लाइलिंग और बॉटम का काम शुरू कर दिया जाएगा। कोशिश की जा रही है कि दिसंबर तक टनल पूरी तरह से तैयार हो जाए। तब तक सागौर से नौगांव (धार) तक करीब 37 किमी का काम भी पूरा हो जाएगा। ऐसे में दिसंबर माह तक तिही से धार तक ट्रेन संचालन का निरीक्षण किया जाएगा।

### बजट में मिले है 600 करोड़ रुपए

इस बार बजट में प्रोजेक्ट के लिए 600 करोड़ रुपए मिले है। कुछ महीने पहले ही रेलवे ने इस प्रोजेक्ट में सोगार, गुनावद, नोगांव, झाबुआ, पिटोल में नई रेलवे स्टेशन बिल्डिंग, प्लेटफार्म आदि का निर्माण शुरू कर दिया है। बता दे कि इंदौर से दाहोद तक कुल 22 रेलवे स्टेशन बनाए जाने है। इस प्रोजेक्ट का एक बड़ा हिस्सा आदिवासी अंचल को रेल सेवाओं से जोड़ेगा। आवागमन के लिए बेहतर विकल्प मिलेगा। रेल लाइन शुरू होने से इस क्षेत्र का विकास भी तेजी से होगा।

इंदौर-दाहोद नई रेल लाइन प्रोजेक्ट पर तेजी से काम किया जा रहा है। पीथमपुर के पास बन रही सुरंग का भी तेजी से चल रहा है, जिसे जल्द पूरा कर लिया जाएगा।
**- खेमराज मीणा, पीआरओ, रतलाम मंडल।**

## न्यूज ब्रीफ

### अब दागदार गेहूं भी खरीदेगी समितियां, केंद्र सरकार ने राज्य सरकार को दिए निर्देश

**इंदौर (ग्लोबल हेराल्ड)।** पिछले दिनों से गेहूं की खरीदी शुरू होने के बाद किसानों का दागी गेहूं खरीदने से समितियां इनकार कर रही थी। कुछ सोसाइटियों ने दागी गेहूं खरीद लिया था। उसको भारतीय खाद्य निगम ने वापस कर दिया था। इसको लेकर संयुक्त किसान मोर्चा ने आपत्ति उठाई थी और सरकार से कहा था कि रंग विहीन और मामूली दागी गेहूं को भी खरीदा जाए। मध्य प्रदेश सरकार ने इस पर तत्काल तो कोई निर्णय नहीं लिया लेकिन इसे लेकर केंद्र सरकार से मांग की थी जिस पर केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने मध्य प्रदेश सरकार को पत्र द्वारा निर्देशित किया है कि अब बगैर किसी भावों की कटौती के किसानों का बारिश के कारण खराब हुआ गेहूं भी खरीदा जाए। हालांकि उस पर 30 प्रतिशत तक का बंधन जरूर लगाया है। केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने राज्य सरकार को यह भी निर्देश दिया है कि दागी गेहूं में किसानों के कोई नुकसान नहीं हो, ऐसी व्यवस्था करें, और जितना भी गेहूं खरीदा जाए उसको अलग रखकर जल्द से जल्द उसका वितरण में निपटारा किया जाए। उक्त जानकारी देते हुए संयुक्त किसान मोर्चा के नेता रामस्वरूप मंत्री, बबलू जाधव, शैलेंद्र पटेल और चंदन सिंह बड़वाया ने बताया कि पिछले चार दिनों से संयुक्त किसान मोर्चा किसानों के खरीदी केंद्रो पर ले जाए जा रहे गेहूं को वापस करने का विरोध कर रहा था। किसान नेताओं ने बताया कि इस मुद्दे को कृषि मंत्री एंदल सिंह कंसाना के सामने भी भोपाल में उठाया था तथा दो दिनों से किसानों ने सोसाइटियों पर गेहूं ले जाना बंद कर दिया था उसके बाद आज ही यह आदेश निकल गया है जिसमें केंद्रीय खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्रालय के उपयुक्त विश्वजीत हलदर ने मध्य प्रदेश के प्रिंसिपल सेक्रेटरी को आदेश दिया है कि किसान यदि 30 प्रतिशत तक दागी गेहूं लेकर आता है तो उसको बगैर किसी भाव की कटौती के खरीदा जाए।

### जिले में निर्वाचन के दौरान विज्ञापन और समाचारों की निगरानी करेगा 70 से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों का दल

**इंदौर (ग्लोबल हेराल्ड)।** इंदौर जिले में लोकसभा चुनाव के दौरान प्रिंट, इलेक्ट्रानिक और सोशल मीडिया में प्रसारित होने वाले विज्ञापन और समाचारों की निगरानी के लिए 70 से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों को तैनात किया गया है। निगरानी के लिए मीडिया मॉनिटरिंग एवं मीडिया सर्टिफिकेशन (एमसीएमसी) प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। इस प्रकोष्ठ में नियुक्त किए गए अधिकारी-कर्मचारियों को मंगलवार को एक दिन का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह ने नियुक्त अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देश दिये कि यह कार्य अति महत्वपूर्ण है। इसकी महत्ता को देखते हुए यह कार्य पूर्ण गंभीरता के साथ किया जाये। कार्य में किसी भी तरह कि लापरवाही नहीं बरती जाये। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेन्द्र रघुवंशी, एमसीएमसी के नोडल अधिकारी डॉ.आर.आर. पटेल मौजूद थे। मुख्य प्रशिक्षक डॉ. आर.के. पांडे ने नियुक्त अधिकारी-कर्मचारियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशों तथा नियमों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर बताया गया कि लोकसभा निर्वाचन के दौरान पेड न्यूज संबंधी मामलों, प्रिंट मीडिया में प्रकाशित एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया चैनल में प्रसारित खबरों की 24 घंटे सतत मॉनिटरिंग/रिकॉर्डिंग की व्यवस्था की गई है। न्यूज मॉनिटरिंग, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग, मीडिया सर्टिफिकेशन एवं पेड न्यूज के मामलों सहित अन्य सभी कार्यों के लिये अलग-अलग दल गठित कर उनके प्रभारी नियुक्त किये गये हैं।

### थाना कानपुर देहात के अपराध में फरार आरोपी क्राईम ब्रांच इंदौर की कार्यवाही में धराया

**इंदौर (ग्लोबल हेराल्ड)।** शहर में अपराध नियंत्रण हेतु वरिष्ठ अधिकारियों व्दारा इंदौर कमिश्नरेट में फरार आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के अनुक्रम में महिलाओं, बच्चों के विरुद्ध गंभीर अपराधो में फरार आरोपी के संबंध में पतारसी एवं धरपकड़ हेतु आवश्यक कार्यवाही के लिए अपराध शाखा इंदौर की टीमों को निर्देशित किया गया था। क्राईम ब्रांच इंदौर की टीम द्वारा लगातार उक्त अपराध में शामिल अपराधियों की तलाश की जा रही थी। इसी अनुक्रम में क्राइम ब्रांच टीम को मुखबिर द्वारा सुचना प्राप्त हुई कि आरोपी (1).मोनू पिता रामकिशन उम्र 22 साल नि. ग्राम हारामऊ कानपुर देहात (उ. प्र.) जो थाना कानपुर देहात के पॉक्सो एक्ट.के अपराध में फरार चल रहा था इंदौर शहर में जगह बदल- बदल कर फरारी काट रहा है। आरोपी को क्राइम ब्रांच व थाना कानपुर देहात की टीम द्वारा घेराबंदी कर आरोपी मोनू पकड़ा। आरोपी पर उक्त अपराध घटित करने पर अपराध धारा 452, 354, 506 भादवि. 7/8 पॉक्सो एक्ट.का कायम किया गया था जिसपर अग्रिम कार्यवाही थाना कानपुर देहात द्वारा की जा रही है।

### हिन्दू जागरण मंच के कार्यकताओं ने अमान नामक युवक को दबोचा, नाम बदलकर अमान ने हिन्दू लड़की को प्रेम जाल में फंसाया

**इंदौर (ग्लोबल हेराल्ड)।** एलआईजी चौराहे से कल हिन्दू जागरण मंच के कार्यकताओं ने अमान नामक युवक को दबोचा है कार्यकताओं ने अमान की पिटाई कर उसे एमआईजी



पुलिस के हवाले कर दिया युवक पर लव जिहाद का आरोप है। अमान नामक मुस्लिम युवक की हिन्दू लड़की को प्रेम जाल में फंसाने की सूचना हिन्दू जागरण मंच को मिली थी। जिसके बाद जिला संयोजक राजकुमार टेटवाल सहित बड़ी संख्या में हिन्दू जागरण के कार्यकताओं ने अमान को एलआईजी चौराहे से पकड़ा है युवक की पिटाई कर उसे एमआईजी पुलिस के हवाले किया गया है। अमान पर आरोप है की उसने नाम बदलकर हिन्दू युवती को प्रेम जाल में उलझाया था जिसके बाद वह उसे प्रताड़ित करने लगा था। पुलिस ने मामले में आरोपी अमान पर कार्यवाही की है।

# इंदौर में अन्नपूर्णा लिंक रोड की बाधा दूर, स्वैच्छा से प्रधानमंत्री आवास में शिफ्ट हुए रहवासी

**इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड**

अन्नपूर्णा लिंक रोड की बाधा दूर हो गई है। इस लिंक रोड की जद में आ रही जमीन पर कई लोग झुग्गी बनाकर रह रहे थे। ऐसे लोगों को यहां से शिफ्ट करने का प्रयास लंबे समय से चल रहा था। सहमति बनने के बाद इन रहवासियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास आवंटित किए गए हैं। हिंदू नववर्ष पर कई लोग झुग्गी छोड़कर उन्हें आवंटित प्रधानमंत्री आवास में शिफ्ट हो भी गए। अधीक्षण यंत्री डीआर लोधी ने बताया कि लिंक रोड में बाधक रहवासियों को लाटरी के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास आवंटित किए गए हैं।



गौरतलब है कि गत दिवस निगमायुक्त शिवम वर्मा ने अन्नपूर्णा लिंक रोड का अवलोकन किया था। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि अगर कोई रहवासी प्रधानमंत्री आवास योजना में अपनी मर्जी से जाना चाहते हैं तो इस बात का ध्यान रखा जाए कि व्यवस्थापन में उनको परेशानी न हो। उन्होंने अधिकारियों को इसकी व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए थे। इसके बाद कई रहवासियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना में निर्मित आवास इकाई में नव वर्ष एवं चैत्र नवरात्रि के अवसर पर विस्थापित होने की इच्छा जताई थी। 40 परिवार तो प्रधानमंत्री आवास योजना के फ्लैट के लिए मार्जिन मनी की राशि भी जमा करवा चुके हैं। एक दर्जन से ज्यादा परिवारों ने अपना घरेलू सामान शिफ्ट भी कर दिया है। अन्य परिवार ने भी नवरात्र अवसर पर नवीन फ्लैट में कलश रखकर पूजन किया।

### लिंक रोड से बड़ी राहत मिलेगी

अन्नपूर्णा लिंक रोड का काम पूरा होने से क्षेत्र के रहवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्हें सुदामा नगर से सीधे कनेक्टिविटी मिल सकेगी। वर्तमान में उन्हें इसके लिए महूनाका चौराहा तक जाना पड़ता है। अन्नपूर्णा लिंक रोड का काम लंबे समय से अटका हुआ है। रहवासियों के प्रधानमंत्री आवास योजना के फ्लैटों में शिफ्ट होने के बाद इसका काम गति पकड़ने की संभावना बन गई है।

## जयस के सामने आर्थिक संकट प्रत्याशी उतारने पर हो रहा मंथन

**इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड**

विधानसभा चुनाव में सशक्त उपस्थिति दर्ज कराने वाले जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस) लोकसभा चुनाव लड? पर मंथन कर रहा है। मालवा-निमाड़ की तीन सीटों पर प्रत्याशी उतारने की तैयारी थी, लेकिन संगठन आर्थिक संकट से जूझ रहा है। उसे मालूम है कि चुनाव बड़ा है और पैसे बहुत लगेंगे। कुछ सहयोगी मदद को तैयार हैं, जो पर्याप्त नहीं है। मालवा-निमाड़ में जयस ने 2018 के चुनाव में कांग्रेस की मदद की थी, जिससे कांग्रेस ने 22 में से 17 सीटें जीती थीं। पिछले विधानसभा चुनाव में जयस ने 18 सीटों पर प्रत्याशी खड़े किए, जिससे कांग्रेस को पांच सीटों का नुकसान हुआ और आंकड़ा 17 से 12 पर आ गया। अधिकांश सीटों पर कांग्रेस विधायकों की लीड भी कम हुई। यही वजह है कि भाजपा ने नागर ङ्कषसह चौहान

JAYS जय आदिवासी युवा शक्ति

और निर्मला भूरिया को मंत्री बनाया। लोकसभा में भी प्रत्याशी उतारने के लिए जयस में मंथन चल रहा था, लेकिन संगठन का आर्थिक पक्ष बहुत कमजोर है। ऐसी स्थिति में धार, रतलाम-झाबुआ और खरगोन-बड़वानी सीट पर चुनाव लडना भारी पड़ रहा है। तीनों लोकसभा में 24 विधानसभा हैं, जिनमें जनसंपर्क और प्रचार-प्रसार में बड़े स्तर पर संसाधन जुटाने होंगे। संगठन के कुछ नेताओं का मानना है कि मदद देने वाले इतने सक्षम नहीं हैं कि वे छह माह में दूसरी बार सहयोग दें। गांव-गांव प्रचार करने वाली गाड़ी से लेकर टीम का खर्च उठाना आसान नहीं होगा।

## शोरूम पर भेजी जाने वाली गाड़ियों से हो रहा सब्जियों का परिवहन, जांच में जुटी पुलिस

**इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड**

चोइथराम मंडी में यार्ड से शोरूम के लिए निकलने वाले पेटिपेक वाहनों से प्रदेश के अन्य जिलों तक सब्जियां पहुंचाने का खेल चल रहा है। हाल यह है कि इस पूरे मामले से परिवहन और यातायात विभाग बेखबर है। मंडी प्रशासन भी माल का शुल्क वसूलने के अलावा वाहन कौन सा उपयोग किया जा रहा है, इसको अनदेखा कर रहा है। बिना रजिस्टर्ड हुए वाहनों से माल का अवैध रूप से परिवहन का किया जा रहा है।

वाहन कंपनी द्वारा अपने यार्ड से वाहनों की डिलीवरी डीलर के शोरूम तक की जाती है इंदौर से आसपास के जिलों तक वाहन पहुंचाए जाते है। यह वाहन यार्ड से निकलते ही चोइथराम मंडी पहुंच जाते है। परिवहन विभाग में रजिस्ट्रेशन हुए बिना वाहनों में सब्जियों और अन्य माल भरकर अन्य शहरों तक पहुंचाने का खेल लंबे समय से चल रहा है। इस खेल का खुलासा मंगलवार को ट्रांसपोर्टर द्वारा तीन वाहनों को पकड़ने के बाद हुआ। ट्रांसपोर्टर ने बिना पंजीकृत वाहनों से माल ढुलाई की शिकायत यातायात और परिवहन विभाग के अधिकारियों से की। इसके बाद यातायात विभाग तीन बोलेरों वाहनों को जब्त किया।

## इंदौर शहर में 35 हजार लोगों की पेंशन पर संकट, पते का सत्यापन ही नहीं करवा रहे

**इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड**

आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए शुरू की गई संबल योजना के तहत पेंशन ले रहे शहर के 35 हजार से ज्यादा लोगों की पेंशन खतरे में है। इन लोगों को ई-केवायसी करवाना है लेकिन ये लोग सत्यापन ही नहीं करवा रहे। इतना ही नहीं इन लोगों से संपर्क भी नहीं हो पा रहा है। लोकसभा चुनाव के बाद ऐसे सभी खाते बंद कर दिए जाएंगे।

शासन द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा अवस्था पेंशन, विधवा पेंशन, निशक्त पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मुख्यमंत्री कल्याणी पेंशन, मुख्यमंत्री अविवाहिता पेंशन सहित 12 तरह की पेंशन योजनाएं



चलाई जाती हैं। इनके तहत हितग्राही को प्रतिमाह 600 रुपये की आर्थिक सहायती की जाती है। इंदौर नगर निगम क्षेत्र में एक लाख से ज्यादा हितग्राही हैं। वर्तमान में जो व्यवस्था लागू है उसके हिसाब से पेंशन की राशि सीधे इन हितग्राहियों के बैंक खाते में पहुंच जाती है। अब शासन के आदेश के बाद इन सभी हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन किया जाना है।

### आधार से लिंक की जा रही है पेंशन

अब तक सिर्फ समग्र आइडी होने पर ही पेंशन शुरू कर दी जाती थी, लेकिन अब इन हितग्राहियों के बैंक खातों के सत्यापन के साथ-साथ इन खातों को उनके आधार से भी लिंक किया जा रहा है ताकि किसी भी तरह की गड़बड़ी की आशंका ही नहीं रहे। नगर निगम का गरीबी गरीबी उपशमन विभाग इसके लिए सतत प्रयास भी कर रहा है। खास बात यह है कि निगम के सभी कार्यालयों में केवायसी की सुविधा निश्शुल्क उपलब्ध करवाई गई है। हितग्राही चाहें तो खुद भी खातों की केवायसी कर सकते हैं। बावजूद इसके 35 हजार से ज्यादा हितग्राही हैं जिन्होंने अब तक केवायसी नहीं करवाई।

## इलाज में लापरवाही से हुई थी महिला की मौत

**इंदौर।** महिला के उपचार में लापरवाही बरतना डाक्टर और अस्पताल को भारी पड़ गया। लापरवाही के चलते महिला की मौत हो गई थी। जिला उपभोक्ता आयोग ने डाक्टर और अस्पताल को आदेश दिया है कि वे महिला के पति को क्षतिपूर्ति के रूप में 10 लाख रुपये दें। भुगतान 30 दिन के भीतर करना होगा अन्यथा इस राशि पर आठ प्रतिशत की दर से ब्याज भी लगेगा। आयोग ने परिवाद व्यय के रूप में 10 हजार रुपये अलग से देने को भी कहा है। प्रजापत नगर निवासी सुषमा डगांवकर 22 जून 2017 को पेट के निचले हिस्से में दर्द की शिकायत के बाद डा. चंद्रश्री अग्रवाल के रामचंद्र नगर स्थित क्लीनिक पहुंची थीं।

# कमिश्नर साहब, आपकी पुलिस फर्जी रसीद कट्टे से कर रही वसूली, आचार संहिता का डर दिखा रहे आरक्षक

**इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड**

शहर में अब नकली चालान के नाम पर जमकर वसूली हो रही है। चौराहों पर तैनात ट्रैफिक पुलिस का वसूली अभियान जारी है। इसके लिए पुलिसकर्मी आदर्श आचार संहिता का डर दिखा रहे हैं। राजबाड़ा पर तैनात आरक्षक दीपक भूरिया ने चेङ्कषकग के नाम पर दो बाइक सवारों को रोका और कहा कि आचार संहिता चल रही है, गाड़ी जब्त कर लूंगा तो छूटेगी नहीं। चालकों को छोड? के नाम पर पैसे वसूल लिए। वे हाथ में नकली रसीद कट्टा थामे थे। यह खुलासा हुआ पत्रिका टीम के ङ्कस्टग ऑपरेशन में।

वसूली में दीपक के साथी भी शामिल थे। दीपक के हाथ में एक रसीद कट्टा भी था। नियम अनुसार ट्रैफिक पुलिस द्वारा चालान बनाने के दौरान बड़े अधिकारी का होना जरूरी है, वे ही रसीद काटते हैं। दीपक ने ट्रैफिक पुलिस के रसीद कट्टे की तरह एक नकली रसीद कट्टा लिया और खड़ा हो गया। दीपक के हाथ में एक डायरी थी, जो हुबहू रसीद कट्टे की



तरह दिखाई दे रही थी। वाहन चालक रसीद कट्टा देखकर डर के मारे रुपए दे रहे थे।

### चालक के पास सिर्फ 100 रुपए... आरक्षक बोला-यही दे दो...

**केस 1-** आरक्षक एक दोपहिया वाहन चालक के पास जाता है। कुछ देर खड़े होकर बातचीत करता है और फिर वाहन चालक कुछ पैसे देता है। वह पैसे लेकर रख लेता है और इसके बदले कोई रसीद वाहन चालक को नहीं सौंपता है।

**केस 2-** आरक्षक दीपक दूसरे वाहन चालक के पास जाता है और कहता है चलो बताओ रे तुम्हारा क्या करना। वाहन चालक कहता है कि मेरे पास बस 100 रुपए हैं। आरक्षक ने कहा- चलो लाओ दो, अब आइंदा बिना लाइसेंस मत घूमना... समझ में आ गई कि नहीं। नहीं तो फिर जब्त करा दूंगा, जब्ती बन गई तो गाड़ी नहीं छूट पाएगी। आचार संहिता समझता है कि नहीं समझता।

### होम गार्ड जवान की रोका-टोकी जारी

होम गार्ड का आरक्षक पालिका प्लाजा के पास वाहन चालकों को रोक रहा था। तब कोई बड़ा अधिकारी मौजूद नहीं था। जिन्हें रोका गया, वे होम गार्ड के जवान से किसी की बात कराना चाह रहे थे, लेकिन उसने बात नहीं की। आशंका है कि वह भी वसूली में लगा था। ऐसे हालात शहर के कई क्षेत्रों में हैं।

# चुनाव में लोक परिवहन के वाहन रहेंगे मुक्त स्कूल-कालेजों की बसें होंगी अधिगृहीत

**इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड**

इंदौर जिले में लोकसभा चुनाव के लिए वाहनों को अधिगृहित करने की प्रक्रिया परिवहन विभाग द्वारा शुरू कर दी गई है। लोकसभा चुनाव में यात्री बसों को अधिगृहित नहीं किया जाएगा। इस बार भी विधानसभा चुनाव की तरह स्कूल और कालेज बसों से आवश्यकता की पूर्ति की जाएगी। मालवा-निमाड़ क्षेत्र में एक ही चरण में मतदान होना है। ऐसे में यात्री बसें अधिगृहीत नहीं होने से यात्री एक जिले से दूसरे जिले में जाकर आसानी से मतदान कर सकेंगे।

इंदौर जिले की सभी नौ विधानसभा क्षेत्रों के 2677 पोलिंग बूथों पर मतदान दलों को पहुंचाने और अन्य कार्यों के लिए करीब 1160 वाहनों की जरूरत होगी। इसमें 710



### कारों का पहले होगा अधिग्रहण

जिले में मतदान कार्य के लिए 410 कारें अधिगृहीत की जाना हैं। इन कारों की जरूरत अप्रैल से ही जिला निर्वाचन कार्यालय को होगी। निर्वाचन का कार्य देख रहे आब्जर्बर, सेक्टर अधिकारियों और अन्य अधिकारियों को कारें दी जाना है। इन कारों का अधिग्रहण अप्रैल से ही होगा। इसके लिए ट्रैवल एजेंटों के माध्यम से कारे अधिगृहीत की जा रही है।

बसें, 410 कारें, 20 ट्रक और 20 वैन शामिल हैं। परिवहन विभाग ने इन वाहनों के अधिग्रहण की तैयारी शुरू कर दी है। वाहनों की सूची बनाकर नोटिस भेजे जा रहे हैं। इसबार भी पोलिंग बूथों पर मतदान दलों को पहुंचाने के लिए बसों का उपयोग किया जाएगा। बसों की जरूरत की पूर्ति स्कूल और कालेज से की होगी। वैसे भी मई में स्कूलों की छुट्टी होने से संचालकों को बसें भेजने में परेशानी नहीं होगी।

### आठ लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव एक ही दिन

प्रदेश में चौथे चरण में 13 मई को आठ लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव होंगे। इंदौर के साथ ही देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम, धार, खरगोन और खंडवा लोकसभा क्षेत्रों में मतदान होगा। इंदौर में इन जिलों के हजारों मतदाता रहते हैं। जो मतदान के लिए मतदान के लिए पहुंचेंगे। यात्री वाहनों का सुचारु संचालन होने से लोगों को आने जाने में परेशानी नहीं होगी। चुनाव में वाहनों की आवश्यकता की पूर्ति इस बार भी रूट पर चलने वाली यात्री बसों की अपेक्षा स्कूल व कालेज बसों से की जाएगी। यात्री बसें बिना किसी बाधा के संचालित होगी। वाहनों की सूची तैयार कर नोटिस दिए जा रहे हैं। जरूरत के अनुसार वाहन अधिग्रहण की प्रकिया की जाएगी।
**- प्रदीप कुमार शर्मा, आरटीओ**

सम्पादकीय

# पारदर्शिता चुनाव के लिए ईवीएम है सही

ईवीएम से चुनाव होता है पारदर्शिता चुनाव लोकतंत्र का एक अहम हिस्सा है और इसके बिना तो लोकतंत्र की परिकल्पना करना भी मुश्किल है। चुनाव के द्वारा जनता (लोग) अपने प्रतिनिधियों को चुनती है। भारत में निर्वाचन आयोग लोक सभा, राज्य सभा, राज्य विधान सभाओं, देश के राष्ट्रपति एवं उपराष्ट्रपति के पदों के लिए निर्वाचनों का संचालन करता है।ऐसे संस्थान या परिषद जो रजिस्टर होता है को चलाने हेतु भी चुनाव का सहारा लेना पड़ता है जो सदस्यों द्वारा आम सभा बुलाकर किया जाता है चुनाव को लोग हमेशा जितने की दृश्टिकोण से ही देखते है जिससे ईमानदार व कभी सच्चे लोग नहीं मिलते हैं तब संस्था लूट का शिकार हो जाती है इसका मुख्य कारण है लोभ लोभ एक ऐसी मनोविकार है जो उसे गड्ढे में धकेल देता है एक साधारण से चुनाव का उदाहरण लेते है मान लें कोई चैरिटी कमीशनर से मान्य संस्था है जो किसी संस्था द्वारा फंड मिला है या जो सदस्य होते हैं वो एक अच्छी खासी रकम सदस्यों से मिलता है जब 400सौ होता है तो मनमानी ढंग से ए जी एम बुलाकर 1000रुपए कर देते हैं और जब चुनाव आता है तो सब कुछ नियम की धज्जिया उड़ाते हुए अपना साइड का इलेक्शन ऑफसर बनाते हैं और जब कोई उम्मीदवार अस्पताल में भर्ती भी हो जाए तो भी नियम का हवाला देकर बैलेट को बाहर लेकर खुद ही ट्रिक कर बहुत ही चालाकी से ऑनलाइन रिजल्ट शो कर जबरदस्ती जीत दर्ज करते हैं ऐसे में कोई विरोध करे तो उसपर मनगढंत आरोप लगाना चालू करते है ऐसे चुनाव अलोकतान्त्रिक और कानून की धज्जियाँ उड़ा देते है और कहते हैं हम तो आप ही के लिए खड़ा थे और फिर अगले चुनाव में भी नजर आते हैं और मनमानी करते हैं कोई कुछ बोलता नहीं और खूंटा गाड़ देते हैं इससे परिषद का नाम खराब होता है और अच्छे लोग उससे बाहर निकलते हैं और एक छत्र राज करते हैं ऐ मत भूलो कल क्या होगा ऐ हमेशा याद रखो की आपने चुनाव कराने के लिए ना तो आम सभा बुलाया और कौन से अधिकार से चुनाव अधिकारी रिजल्ट मनमानी ढंग से कर सकता है यही है बैलेट पेपर का चुनाव, धांधली और बूथ कैप्चर जो लोकतान्त्रिक नहीं है इवीएम मशीन कभी गलत नहीं होता ना ही कोई इसे लूट सकता है और ना ही बैलेट पेपर या मत पत्र बदल सकता है क्योंकि उसमें जीपीएस से लैस होता है और मॉक पोल में इलेक्शन एजेंट की उपस्थिति में 50मौक पोल किए जाते हैं जो वीवीपैट से जो पर्ची आती है उसका मिलान किया जाता है तभी ईवीएम मशीन को सील किया जाता है और उस समय जो फॉर्म सी एजेंट व पोलिंग अफसर को दिया जाता है वही काउंटिंग के समय दिखा दिया जाता है और मतों की गणना की जाती है जो बिलकुल पारदर्शी होता है क्योंकि जो आप वोट देते है उस उम्मीदवार की पर्ची वी वीपैड से गिरते हुए दिखता है अतः ईवीएम से चुनाव बिलकुल पारदर्शिता होता है उसपर यदि कोई सबाल करे तो जहाँ जीत मिलती वहाँ चुप हो जाते हैं और जहाँ से जनता हार का जनादेश देती है उसी में क्यों खोट निकाल देते हैं आखिर वैलेट पेपर पर धांधली हो और ऐसा ही चुनाव चंडीगढ़ के मेयर के चुनाव में देखा गया और सुप्रीम कोर्ट ने नतीजा पलट दिया ऐ मेयर का चुनाव है इसलिए मायने रखता है लेकिन किसी सोसाइटी या परिषद के चुनाव में धांधली होती है तो लोग इस मुद्दे को डर से ठन्डे बसते में डाल देते हैं और जनादेश का अपमान होता है!



संजय गोस्वामी
लेखक
दैनिक ग्लोबल हेराल्ड

# लोकसभा चुनाव में एक नये अध्याय की शुरूआत हो...

- ललित गर्ग- | लेखक



दैनिक ग्लोबल हेराल्ड

**लोकसभा चुनाव में चुनावी मैदान सज गया है, सभी राजनीतिक दलों में एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोपों का सिलसिला हमेशा की तरह परवान चढ़ने लगा है। राजनीति में स्वच्छता, नैतिकता एवं मूल्यों की स्थापना के तमाम दावों के अनैतिकता, दल-बदल, आरोप-प्रत्यारोप की हिंसक मानसिकता पसरी है। राजनेता दलबदल की ताल ठोक रहे हैं। दलबदलुओं को टिकट देने में कोई दल पीछे नहीं रहा, क्योंकि सवाल, येन-केन-प्रकारेण चुनाव जीतने तक जो सीमित रह गया है। सिद्धांतों और राजनीतिक मूल्यों की परवाह कम ही लोगों को रह गई है। चुनावी राजनीति देश के माहौल में कड़वाहट घोलने का काम भी कर रही है। स्वस्थ एवं मूल्यपरक राजनीति को किनारे किया जा रहा है। राजनीति पूरी तरह से जातिवाद, बाहुबल और धनबल तक सिमट गई है। हालत यह है कि अब तक राजनीति दलों ने जिन प्रत्याशियों को उतारा है, उनमें आधे से अधिक दलबदलू, अपराधी अथवा दागी हैं। ऐसे में राजनीति के स्तर में सुधार की उम्मीद आखिर कौन, किससे करे? इस मुद्दे पर राजनीतिक दलों की चुप्पी तो समझ में आती है, लेकिन चुनाव आयोग की खामोशी समझ से परे है। लोकसभा चुनाव नेतृत्व चयन का ऐतिहासिक एवं महत्वपूर्ण अवसर है, इस अवसर पर लाओत्जु ताओ ते चिंग की पुस्तक द ताओ ऑफ लीडरशिप राजनीति एवं राजनेताओं के लिये एक रोशनी है।**

यह एक अद्भुत, अद्वितीय एवं अप्रतिम कृति हैं जो नये युग के लिए नेतृत्व की रचनात्मक व्यूह रचना प्रस्तुत करती है। आज जबकि देश और दुनिया में सर्वत्र नेतृत्व के प्रश्न पर एक घना अंधेरा छाया हुआ है, निराशा और दायित्वहीनता की चरम पराकाष्ठा ने राजनीति एवं नेतृत्व को जटिल दौर में लाकर खड़ा कर दिया है। समाज और राष्ट्र के समुचे परिदृश्य पर जब हम दृष्टि डालते हैं तो हमें जिन विषम और जटिल परिस्थितियों से रू-ब-रू होना पड़ता है, उन विषम हालातों के बीच ठीक से राह दिखाने वाला कोई नेतृत्व नजर नहीं आता। यह मान लेने में कोई हर्ज नहीं होना चाहिए कि लोकतंत्र धुंधलका सब देख रहे हैं, लेकिन खामोशी के साथ। शायद सबकी अपनी-अपनी मजबूरियां हैं। मतदाता की मजबूरी यह है कि आखिर उसे मैदान में डटे उम्मीदवारों में से ही एक को चुनना है। इस देश ने महंगाई, बेरोजगारी, महिला अपराध, गरीबी, साम्प्रदायिकता के खिलाफ भी जनता को सड़कों पर उतरते देखा है लेकिन राजनीति में टकराव, अपराध, देश-विरोध और हिंसा की राजनीति के खिलाफ कभी कोई आंदोलन नहीं हुआ। चुनाव आयोग की अपनी सीमाएं हो सकती हैं, लेकिन जेल में बैठे-बैठे लोग चुनाव लड़ भी लेते हैं और जीत भी जाते हैं। खलनायक नायक बनने लगे हैं। चुनाव लड़ने के लिए अधिकतम खर्च की सीमा सरेआम ध्वस्त होती है, लेकिन आयोग कुछ कर नहीं पाता। चुनाव प्रचार के दौरान अपशब्दों का उच्चारण-गालीगलोच खुल्लम-खुल्ला होता है, लेकिन आयोग नोटिस देकर ही अपने दायित्व से मुक्त हो जाता है। मतदाताओं के वोट खरीदने के लिए उन्हें सरेआम पैसे ही नहीं शराब तक बांटी जाती है, लेकिन किसी उम्मीदवार के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती। जनता राजनीति के गिरते स्तर से त्रस्त तो है, लेकिन उसके खिलाफ आवाज नहीं उठाती। इन लोकसभा चुनाव में यह चुप्पी टूटनी चाहिए और आजादी के अमृतकाल को अमृममय बनाने वाला नेतृत्व सामने आना चाहिए। ऐसा नेतृत्व जो देश को अग्रणी आर्थिक महाशक्ति के रूप में ले जाये एवं विकास की स्वर्णिम गाथा को गढ़े।



एक सफल, सार्थक, समर्थ एवं चरित्रसम्पन्न विपक्षी नेतृत्व की आवश्यकता हर दौर में रही है, लेकिन आज यह ज्यादा तीव्रता से महसूस की जा रही है। विपक्षी नेतृत्व कैसा हो, उसका अपना साथियों के साथ-साथ सत्तापक्ष के साथ कैसा सलूक हो? उसमें क्या हो, क्या न हो? वह क्या करे, क्यों करे, कब करे, कैसे करे? इत्यादि कुछ जटिल एवं गंभीर प्रश्न हैं जिनके जवाब ढूंढ़े बिना हम एक सक्षम विपक्षी नेतृत्व को उजागर नहीं कर सकते। इन प्रश्नों के उत्तरों की कसौटी पर ही हमें आने वाले सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के नेतृत्व को कसना होगा। जिस नेतृत्व के पास इन प्रश्नों के उत्तर होंगे, जो समयज्ञ होगा, सहिष्णु होगा, तटस्थ होगा, दूरदर्शी होगा, निःस्वार्थी होगा, वैसा ही नेतृत्व जिस राष्ट्र को प्राप्त होगा, उसकी प्रगति को संसार की कोई शक्ति बाधित नहीं कर सकेगी। ऐसा ही नेतृत्व नया इतिहास बना सकेगा और भावी पीढ़ी को उन्नत दिशाओं की ओर अग्रसर कर सकेगा। आज चुनाव प्रचार में जिस तरह की आरोप-प्रत्यारोप की हिंसक संस्कृति पनपी है, एक दूसरे पर जूते-चप्पल फेंके जाते है, पत्थर से हमला किया जाता है, छोटी-छोटी बातों पर अभद्र शब्दों का व्यवहार, हो-हल्ला, छींटाकशी और हंगामा आदि घटनाएं ऐसी है जो नेतृत्व को धुंधलाती है। नेतृत्व को लेकर लोगों की मानसिकता में बहुत बदलाव आया है, आज योग्य नेतृत्व की प्यासी परिस्थितियां तो हैं, लेकिन बदकिस्मती से अपेक्षित नेतृत्व नहीं हैं। जलाशय है, जल नहीं है। नगर है, नागरिक नहीं है। भूख है, रोटी नहीं है-ऐसे में हमें सोचना होगा कि क्या नेतृत्व की इस अप्रत्याशित रिक्तता को भरा जा सकता है? क्या राष्ट्र के सामने आज जो भयावह एवं विकट संकट और दुविधा है उससे छुटकारा मिल सकता है? हालही में नेतृत्व के प्रश्न पर एक करारा व्यंग्य पढ़ा था-ह्यदेश और ट्रेन में यही अंतर है कि ट्रेन को लापरवाही से नहीं चलाया जा सकता।ह्व यानी देश के संचालन में की गई लापरवाही तो क्षम्य हैं पर ट्रेन के पटरी से उतरने में की गई लापरवाही क्षम्य नहीं, क्योंकि इसके साथ आदमी की जिंदगी का सवाल जुड़ा है। मगर हम यह न भूलें कि देश का नेतृत्व अपने सिद्धांतों और आदर्शों की पटरी से जिस दिन उतर गया तो पूरी इन्सानियत एवं राष्ट्रीयता की बरबादी का सवाल उठ खड़ा होगा। आज देश में लोकतांत्रिक, सांस्कृतिक, नैतिक जीवन-मूल्यों के मानक बदल गये हैं न्याय, कानून और व्यवस्था के उद्देश्य अब नई व्याख्या देने लगे हैं। चरित्र हासिए पर आ गया, सत्ता केन्द्र में आ खड़ी हुई। ऐसे समय में कुर्सी पाने की दौड़ में लोग जिम्मेदारियां नहीं बांटते, चरित्र बांटने लगते हैं और जिस देश का चरित्र बिकाऊ हो जाता है उसकी आत्मा को फिर कैसे जिन्दा रखा जाए, चिन्तनीय प्रश्न उठा खड़ा हुआ है। आज कौन अपने दायित्व के प्रति जिम्मेदार है? कौन नीतियों के प्रति ईमानदार है? इस संदर्भ में आचार्य तुलसी का कथन यथार्थ का उद्घाटन करता है कि ऐसा लगता है कि राजनीतिज्ञ का अर्थ देश में सुव्यवस्था बनाए रखना नहीं, अपनी सत्ता और कुर्सी बनाए रखना है। राजनीतिज्ञ का अर्थ उस नीतिनिपुण व्यक्तित्व से नहीं, जो हर कीमत पर राष्ट्र की प्रगति, विकास-विस्तार और समृद्धि को सर्वोपरि महत्व दें, किन्तु उस विदूषक-विशारद व्यक्तित्व से है, जो राष्ट्र के विकास और समृद्धि को अवनति के गर्त में फेंककर भी अपनी कुर्सी को सर्वोपरि महत्व देता है। राजनैतिक लोगों से महात्मा बनने की उम्मीद तो नहीं की जा सकती, पर वे पशुता पर उतर आएं, यह ठीक नहीं है। वर्तमान विपक्षी नेतृत्व की सबसे बड़ी विसंगति और विषमता यह है कि वह परदोषदर्शी है, जो सत्तापक्ष की अच्छाई में भी बुराई देखने वाले हैं। यह नेतृत्व कुटिल है, मायाबी है, नेता नहीं, अभिनेता है, असली पात्र नहीं, विदूषक की भूमिका निभाने वाला है। यह नेतृत्व सत्ता- प्राप्ति के लिये कुछ भी करने से बाज नहीं आता, यहां तक जिस जनता के कंधों पर बैठकर सत्ता तक पहुंचने के लिये जैसी राजनीति यह कर रहा है, घोषणा-पत्रों में जनता को ठगने एवं लुभाने के जो प्रयास हो रहे हैं, वे एक तरह से जनता की पीठ में भी सबसे पहले छुरा भोंकते हुए प्रतीत होते हैं।

# आम चुनाव और इंडिया गठबंधन की कछुआ चाल

लोकसभा चुनाव 2024 वैसे तो कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के लिए करो या मरो की स्थिति में लड़ा जा रहा है। कांग्रेस के लोग लगातार पार्टी छोड़ भाजपा व अन्य दलों में शामिल हो रहे हैं। इन्हें बांधकर रखने की बात तो दूर समझाने और साधने वाला भी दूर-दूर तक कोई नजर नहीं आ रहा है। हद यह है कि जो दम भरते थे कभी कि भले जेल हो जाए या जान चली जाए वो कांग्रेसी थे, हैं और आगे भी कांग्रेसी ही रहेंगे, अब अन्य दलों के परचम लहराते नजर आ रहे हैं। इसी बात को लेकर कांग्रेस नेतृत्व को लगातार कठघरे में खड़ा किया जाता रहा है, लेकिन क्या मजाल कि किसी ने चुनाव के बारे में सोचा हो और एक पुख्ता रणनीति के तहत चुनाव में उतरने और पार्टी व गठबंधन को मजबूत करने की बात भी की हो। जो जहां है, ठीक है और जहां होगा बेहतर होगा की तर्ज पर कारवां चलता रहा और हालात यहां तक पहुंच गए कि पार्टी टिकट पर चुनाव में उतरने से भी अनेक नेताओं ने मना कर दिया। ऐसे ही मौकों के लिए एक शेर बहुत मशहूर है, कि बागबॉं ने आग दी जब आशियाने को मिरे, जिन पे तकिया था वही पत्ते हवा देने लगे ऐसा नहीं है कि इससे कांग्रेस या इंडिया गठबंधन पूरी तरह से अनभिज्ञ है। मालूम सब है और बातें भी बहुत हो रही हैं, लेकिन परिणाम सिफर है। यही वजह है कि इस लोकसभा चुनाव में भी देखने को मिल रहा है कि चुनावी रणनीति बनाने से लेकर चुनाव प्रचार में भी कांग्रेस और अब इंडिया गठबंधन भारतीय जनता पार्टी से खासा पिछड़ गया है। एक तरफ सत्ता में रहते हुए भी भाजपा अपने आप को चुनाव मोड से कभी अलग ही नहीं कर पाई है, वहीं दूसरी तरफ विपक्ष में रहते हुए भी कांग्रेस और उसके सहयोगी दल अपने आपको साबित करने की खातिर जमीनी कार्य करते भी नजर नहीं आए हैं।



लोकसभा चुनाव 2024 के लिए पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होना है। ऐसे में राजनीतिक दलों के लिए चुनाव प्रचार को महज एक हफ्ते का समय ही रह गया है। बावजूद इसके इंडिया गठबंधन की अब तक ऐसी कोई ऐतिहासिक रैली नहीं हुई, जिसे लेकर कहा जा सके कि इसके माध्यम से संपूर्ण देश को वह संदेश दिया गया, जो चुनाव को प्रभावित करता है। ना ही चुनाव को लेकर बूथ स्तर की ही कोई योजना ही अभी तक सामने आई है। कहा तो यहां तक जा रहा है कि महागठबंधन की रैली की कौन बात करे इसमें शामिल दलों के प्रमुख नेता व स्टार प्रचारक भी अपने-अपने क्षेत्रों से ही नदारद हैं। देश के हिन्दी राज्यों में कम से कम यही स्थिति देखने को मिली है, जबकि दक्षिण राज्यों में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पूरे दम-खम के साथ पार्टी व गठबंधन को चुनाव में स्टेंड दिलाने भरसक प्रयास किए हैं। इसका फायदा जरुर इस चुनाव में कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को देखने को मिल सकता है। इसके विपरीत आम चुनाव घोषित होने के बाद मध्य प्रदेश में स्टार प्रचारक राहुल गांधी की पहली सभा में जो देखने को मिला वह चुनावी साधने वाला कम और सवाल खड़े करने वाला दृष्य ज्यादा रहा, जिसे लेकर भाजपा ने जमकर तंज कसे हैं। इससे हटकर यदि बात भाजपा के चुनाव प्रचार की बात की जाए तो अबकी बार, 400 पार का नारा देने वाली भारतीय जनता पार्टी इस मामले में काफी आगे निकल चुकी है। हद यह है कि शुरू से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी मोर्चा खुद संभाल रखा है। उनकी गाइडलाइन ही अन्य नेता और स्टार प्रचारक फालो करते नजर आए हैं। भाजपा के कैंपेन की जिम्मेदारी को लेकर पीएम मोदी लगभग हर दिन दो से तीन राज्यों में रैली व सभाएं करते दिख रहे हैं। बूथ लेवल पर भी तमाम जिम्मेदारों को ताकीद के साथ जिम्मेदारी सौंपी जा चुकी है। जो जोड़-तोड़ में माहिर हैं वो भी अपना रिजल्ट बखूबी दे रहे हैं, जिस कारण विरोधी खेमे में भगदड़ की स्थिति नजर आई है। इस स्थिति में कहना गलत न होगा कि कांग्रेस ही नहीं बल्कि संपूर्ण इंडिया गठबंधन की चुनावी जंग खुद जनता ने संभाल रखी है और वक्त आने पर बतला देंगे जैसी स्थिति प्रतीत हो रही है। बावजूद इसके लोकसभा चुनाव 2024 में भी ईवीएम को लेकर सवाल जस के तस मौजूद हैं। इसे लेकर जहां चुनाव आयोग के समक्ष अर्जियां लगाई गईं हैं तो वहीं अदालत के दरबाजे भी खूब खटखटाए गए हैं, लेकिन विपक्ष की मांग के मुताबिक कोई माकूल हल निकलता नहीं दिखा है। ऐसे में चुनाव परिणाम को लेकर अभी से आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो चुका है। इस मामले में भी इंडिया गठबंधन पिछड़ता नजर आया है, जबकि मोदी की गारंटी बहुत आगे तक मार करती नजर आ रही है। अंततः यहां यह नहीं भूलना चाहिए कि लोकतंत्र में चुनाव एक करिस्माई परिणाम से परिपूर्ण होते हैं, तभी अनेक दफा अप्रत्याशित चुनाव परिणाम जनता के सम्मुख आ जाते हैं। आमजन क्या सियासत व चुनाव विशेषज्ञ और विश्लेषक भी ऐसे परिणामों को देख दांतो तले उंगली दबाने पर मजबूर होते हैं। संभवतः कांग्रेस और इंडिया गठबंधन ऐसे ही किसी जादूई परिणाम की उम्मीद लिए कछुआ चाल से चुनाव में आगे बढ़ रहे हैं।



हिदायत अहमद खान
लेखक
दैनिक ग्लोबल हेराल्ड

# निराशा से होती है हार



नियति प्रम के निरंतर उल्लंघन से प्रकृति का अदृश्य वातावरण भी इन दिनों कम दूषित नहीं हो रहा है। भूकम्प, तूफान, बाढ़, विद्रोह, अपराध, महामारियां आदि पर नियंत्रण पाना कैसे संभव होगा, समझ नहीं आता। किंकर्त्तव्यविमूढ़ स्थिति में पहुंचा हतप्रभ व्यक्ति प्रमशः अधिक निराश होता है। इतना साहस और पराक्रम तो विरलों में होता है, जो आंधी, तूफानों के बीच भी आशा का दीपक जलाए रह सकें, गतिशीलता में कमी न आने दें। ऐसे व्यक्तियों को महामानव-देवदूत कहा जाता है पर वे यदाकदा ही प्रकट होते हैं। आज जनसाधारण का मानस ऐसे ही दलदल में फंसा है। होना तो चाहिए था कि अनौचित्य के स्थान पर औचित्य को प्रतिष्ठत करने के लिए साहसिक पुरुषार्थ जगता पर लोक मानस में उस स्तर का उच्च स्तरीय उत्साह नहीं उभर रहा है।

इन परिस्थितियों में साधारण जनमानस का निराश होना स्वाभाविक है। समझ लेना चाहिए कि निराशा हल्के दर्जे की बीमारी नहीं है, वह जहां भी जड़ जमाती है, घुन की तरह मजबूत शहतीर को भी खोखला करती जाती है। निराशा अपने साथ हार जैसे मान्यता संजोए रहती है। इतने दबावों से दबा आदमी स्वयं तो टूटता ही है, साथियों को भी तोड़ता है। इससे शक्ति का अपहरण होता है, जीवनी शक्ति जबाव दे जाती है, तनाव बढ़ते जाने से उद्विग्नता बनी रहती है और ऐसे रचनात्मक उपाय नहीं दिखते, जिनके सहारे तेज बहाव वाली नाव खेकर पार पाया जाता है। निराश व्यक्ति जीत की संभावना नकारने के कारण जीती बाजी हारते हैं। निराशा न किसी गिरे को ऊंचा उठने देती है और न प्रगति की किसी योजना को क्रियान्वित होने देती है। अस्तु, निराशा को छोटी बात न मानकर उसके निराकरण का हर क्षेत्र में प्रयत्न होता रहे। जहां भी निराशा का माहौल हो, उसके निराकरण का हर संभव उपाय करना चाहिए। इसका उपचार यही है कि प्रतिरोध में समर्थ चिंतन और पुरुषार्थ के लिए जन-जन की विचारशक्ति को उत्तेजित किया जाए। उज्ज्वल भविष्य की संभावनाओं पर ध्यान देने और उन्हें समर्थ बनाने के लिए जिस मनोवृत्ति को उत्साहपूर्ण प्रश्रय मिलना चाहिए, उसके लिए आवश्यक पृष्ठभूमि तैयार की जाए।

# व्यापार

## पैसेंजर वाहनों की रिटेल सेल उच्चतम स्तर पर, फाडा ने जारी की रिपोर्ट

नई दिल्ली ■

वित्त वर्ष 2024 में भारत में थोक बिक्री की तरह ही पैसेंजर वाहनों की रिटेल सेल भी उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। इसमें मारुति सुजुकी इंडिया शीर्ष पर रही। टाटा मोटर्स अपनी बाजार हिस्सेदारी में सुधार किया और हुंडई मोटर इंडिया के साथ अंतर को कम करने में सक्षम रही। महिंद्रा एंड महिंद्रा ने विकास पथ पर आगे बढ़ना जारी रखा।

उद्योग निकाय फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (एफएडीए) के नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक, भारत में पीवी रिटेल सालाना 8.45प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में 3,948,143 यूनिट हो गई, जो वित्त वर्ष 2023 में 3,640,399 यूनिट थी। फाडा के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया ने कहा कि एफवाय24 पीवी सेगमेंट के लिए एक मील का पत्थर वर्ष था। बढ़ी हुई आपूर्ति गतिशीलता, रणनीतिक विपणन प्रयास, लगातार बढ़ती गुणवत्ता वाली सड़क बुनियादी ढांचे और एसयूवी सेगमेंट में मजबूत मांग, जो अब 50प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी रखती है, ने इस सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। मारुति ने वित्त वर्ष 2023 में 1,490,202 इकाइयों के मुकाबले वित्त वर्ष 24 में 1,605,264 इकाइयों की खुदरा बिक्री की। हालाँकि कंपनी की बिक्री में वृद्धि हुई, लेकिन इसकी बाजार हिस्सेदारी पिछले वित्त वर्ष में 40.94 प्रतिशत से थोड़ी कम होकर 40.66प्रतिशत हो गई।



## चांदी 84000 रुपए किलो

**इंदौर.** सोना-चांदी की कीमतें रोजना नया रेकॉर्ड बना रही है। अब लोगों की धारणा भी मंदी से हट गई है। बाजार में सोना की धारणा 80 हजार व चांदी की एक लाख के पार जाने की लगाई जा रही है। बुधवार को सराफा बाजार में चांदी बिल पर 84000 रुपए किलो के स्तर पर पहुंची है। वहीं सोना 73800 रुपए प्रति दस ग्राम पर मजबूत बना हुआ है। कॉमेक्स पर सोना 2329.20 डॉलर प्रति औंस रहा। चांदी 27.66 डॉलर प्रति औंस पर रही। इंदौर सराफा बाजार सोना कैडबरी नकदी में (99.50) 73000 रुपए प्रति दस ग्राम। 22 कैरेट 67650 रुपए प्रति दस ग्राम। चांदी (एसए) चौरसा नकदी में 80600 व टंच 80700 रुपए प्रति किलो रही। आरटीजीएस में सोना कैडबरी 73800 रुपए प्रति दस ग्राम। चांदी (एसए) चौरसा 84000 रुपए किलो रही। चांदी सिक्का 900 रुपए प्रति नग रहा।

## शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद

मुम्बई ■

घरेलू शेयर बाजार बुधवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। सप्ताह के तीसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये तेजी आईटीसी, कोटक बैंक, एसबीआई, टेक महिंद्रा और भारती एयरटेल के शेयरों में आये उछाल से आई है। इस दौरान बाजार 75 हजार के रिकार्ड स्तर को पार कर गया।

वहीं गत दिवस भी बाजार पहली बार 75,000 के स्तर के ऊपर पहुंचा था पर बाद में ये नीचे का गया था। व्यापक बाजारों में, बीएसई मिडकैप 0.89 फीसदी और स्मॉलकैप इंडेक्स 0.46 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुए। आज के कारोबार के दौरान तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 354.45 अंक करीब 0.47 फीसदी बढ़कर 75,038.15 अंक पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज एनएसई निफ्टी भी 111.05 अंक तकरीबन 0.49 फीसदी बढ़त के साथ ही 22,753.80 अंक पर बंद हुआ।



निवेशकों का ध्यान आज आने वाले फेड के बयान और अमेरिकी मुद्रास्फीति डेटा पर केंद्रित रहा। इसके अलावा, चीन की क्रेडिट रेटिंग में गिरावट से भी बाजार पर दबाव पड़ा है। वहीं इससे पहले आज सुबह घरेलू शेयर बाजार की अच्छी शुरूआत हुई। दुनिया भर के बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों से सुबह बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी बढ़त के साथ खुला। शुरूआती कारोबार के दौरान सेंसेक्स 200 अंक ऊपर आकर 74900 के पास कारोबार कर रहा था जबकि निफ्टी 22700 के ऊपर कारोबार कर रहा है। वहीं दुनिया भर के बाजारों की बात करें तो डाओ 300 अंक उछला जबकि नैस्डैक 52 अंक ऊपर आकर बंद हुआ।

## इन्दौर बाजार भाव

लूज तेल (प्रति दस किलो) : इंदौर मूंगफली तेल 1500 से 1520, मुंबई मूंगफली तेल 1520, इंदौर सोयाबीन रिफाइंड 975 से 980, इंदौर सोयाबीन साल्वेंट 930 से 935, मुंबई सोया रिफाइंड 960 से 965, मुंबई पाम तेल 965, इंदौर पाम 1023, राजकोट तेलिया 2360, गुजरात लूज 1475, कपास्या तेल इंदौर 930 रुपए।

तिलहन : सरसों निमाड़ी (बारीक) 5800 से 5850, एवरेज 5400 से 5600, रायड़ा 4600 से 4800, सोयाबीन 4650 रुपए क्विंटल। सोयाबीन डीओसी स्पॉट 40500 रुपए टन।

प्लांटों के सोयाबीन भाव : बैतूल 4900, लक्ष्मी 4900, प्रेस्टीज 4900, रुचि 4825, सांवरिया 4900, खंडवा 4875, धानुका 4910, एमएस नीमच 4950, एमएस पचोर 4850 व एवी 4800 रुपए।

कपास्या खली ( 60 किलो भरती) बिना टेक्स भाव - इंदौर 1850, देवास 1850, उज्जैन 1850, खंडवा 1825, बुरहानपुर 1825, अकोला 2875 रुपए।

मुंबई पोट पर आयातित चना तंजानिया 5800, काबुली सूडान 6500, मसूर कनाड़ा 6250, तुवर लेमन नई 10900, गजरी 10300, तुवर सूडान 11600, तुवर सफेद 10500, तुवर तंजानिया 10700 व उड़द एफएक्यू 9350 रुपए।

दलहन: चना कांटा 6000 से 6025, विशाल नया 5900 से 5925, डंकी 5300 से 5500, मसूर 6050, तुवर महाराष्ट्र 11600 से 11800, कर्नाटक 11700 से 11900, निमाड़ी 10000 से 11300, मूंग 9000 से 9200, बारिश का मूंग 9200 से 10000, एवरेज 7000 से 8000, उड़द बेस्ट 8800 से 9200, मीडियम 7000 से 8000, हल्का 3000 से 5000 रुपए क्विंटल।

दालें: चना दाल 7800 से 7900, मीडियम 8000 से 8100, बोल्ड 8200 से 8300, मसूर दाल मीडियम 7250 से 7350, बोल्ड 7450 से 7550, तुवर दाल सवा नंबर 14200 से 14300, फूल 15000 से 15100, बेस्ट तुवर दाल 16000 से 16100, ब्रांडेड तुवर दाल 17100, मूंग दाल मीडियम 10550 से 10650, बोल्ड 10750 से 10850, मूंग मोगर 11450 से 11550, बोल्ड 11650 से 11750, उड़द दाल मीडियम 11200 से 11300, बोल्ड 11400 से 11500, उड़द मोगर 11600 से 11700, बोल्ड 11800 से 11900 रुपए।

काबली चना (40-42) 12000, (42-44) 11800, (44-46) 11500, (58-60) 9600 रुपए।

इंदौर चावल भाव- बासमती (921) 11500 से 12500, तिबार 10000 से 11000 , दुबार 8500 से 9500, मिनी दुबार 7500 से 8500, बासमती सेला 7000 से 9500, मोगरा 4500 से 7000, दुबराज 4500 से 5000, कालीमूंछ डिनरकिंग 8500, राजभोग 7500, परमल 3200 से 3400, हंसा सेला 3400 से 3600, हंसा सफेद 2800 से 3000, पोहा 4550 से 4800 रुपए।

शकर 3870 से 3900, सुपर 3910, गुड़ भेली 3700, कटोरा 3900, लड्डू 4100, ग्लास 4600 से 4900, ऑर्गेनिक 6500, सिंघाड़ा बड़ा 105 से 110, छोटा 90, सच्चासाबु एगमार्क (आध किलो पैकिंग) 7740, साबूदाना चक्र एगमार्क (500 ग्राम) 7440, शिव ज्योति (1 किलो) 7360, साबूदाना गोपाल लूज (25 किलो) में 6950 रुपए (भाव प्रति क्विंटल में)। खोपरा गोला कट्टे में 111 व बाक्स में 125 से 140, खोपरा बूरा 2350 से 4400 रुपए।

पूजन सामग्री : नारियल 120 भरती 1950 से 2000, 160 भरती 1950 से 2000, 200 भरती 2050 से 2100, 250 भरती 2100 से 2150, देशी कपूर 810 से 815, पूजा बादाम 85 से 90, बेस्ट 155 से 175, पूजा सुपारी 480, अरीठा 125 से 130 रुपए। केसर 185 से 188, बेस्ट 220 से 223 रुपए प्रति ग्राम, सिंदूर (25 किलो) 7500 रुपए।

आटा-मैदा : आटा चक्की 1460, रवा कट्टे में 1570, मैदा 1470, चना बेसन 4000 रुपए प्रति 50 किलो बोरी।

इंदौर मावा 300 रुपए किलो। उज्जैन मावा 240 रुपए किलो।

डेयरी भाव- थोक में पनीर 360, रिटेल में 380 से 400, थोक में दही 100, रिटेल में 120, थोक में मक्खन 580, रिटेल में 600, थोक में घी 600, रिटेल में 640 रुपए।

न्यूज ब्रीफ

## कपिल बघेल व दो अन्य आरोपी गिरफ्तार, लूट की रकम व कार बरामद



**सिवनी।** कोतवाली थाना पुलिस ने मंगलवार की देर रात एक बस सवार यात्री के साथ हुई अपहरण व लूट की वारदात का खुलासा किया है। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली टीआई सतीश तिवारी ने बताया कि 10 अप्रेल की रात के एक बजे 100 डायल को सूचना प्राप्त हुई कि एक यात्री, जो बस में सवार होकर सिवनी से छपारा जा रहा था। उसी दौरान जब बस पोस्ट ऑफिस तिराहा पर माल लोड करने के लिये रूकी थी, उसी समय कुछ लोग एक कार से आए और बस के बाजू में कार लगाकर उतरकर बस में बैठे यात्री की ओर देखने लगे, जो उनको देखकर बस में खिडकी के पास बैठे प्रार्थी हमीद खान निवासी पायली कला छपारा नें कांच बंद कर लिया। इस बात को लेकर कार सवार आरोपियों ने यात्री को बोले कि तूने हमको देखकर कांच क्यों बंद किया एवं अन्य साथीयों से बोले कि इसे उतारकर नीचे लाओ और मारो। कार से उतरे तीनों आरोपी बस में चढ़े और जबरदस्ती मारपीट कर उसे बस से नीचे उतारकर अपनी कार में बिठाकर भैरोगंज की ओर ले गए, जो रास्ते में प्रार्थी से मारपीट करते आरोपियों ने प्रार्थी से 10 हजार रूपए जबरन छीन लिए। पुलिस ने घटना सही होना पाई जो बस कण्डेक्टर से एवं अन्य साक्षीयों से पूछताछ के आधार पर घटना में प्रयुक्त कार एवं उसमें बैठे अज्ञात व्यक्तियों की सघनता एवं सक्रियता से तलाश की गई।
घटना को वरिष्ठ अधिकारीयों को जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह ने घटना की पूरी जानकारी लेने के बाद निर्देश दिए।

## शिवराज ने मां विजयासन देवी की पूजा अर्चना की, कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया



**सीहोर।** पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को नवरात्रि के दूसरे दिन सलकनपुर पहुंचकर मां विजयासन देवी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और देश व प्रदेशवासियों के खुशहाली की कामना की और भजन गाया। वहीं, पूर्व सीएम ने विदिशा संसदीय क्षेत्र की बुधनी विधानसभा क्षेत्र के बूथ स्तरीय भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। सम्मेलन में सभी पदाधिकारी और बूथ स्तर के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान पूर्व सीएम ने लोकसभा चुनाव की रणनीति के संबंध में कार्यकर्ता, पदाधिकारी से विस्तार से चर्चा कर कहा कि हर बूथ पर मजबूती के साथ काम करना है और घर-घर जनसंपर्क कर मोदी सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देना है। आपकी मेहनत और लगन से निश्चित तौर पर एक बार फिर भाजपा का विजयी पताका लहराएगा। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को सकलनपुर में देवी जी के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा अर्चना की। इस दौरान पूर्व सीएम ने कहा कि मां सब पर कृपा और आशीर्वाद की वर्षा करें। हमारी सलकनपुर वाली मैया मां विजयासन देवी हमारे देश, प्रदेश और जनता पर कृपा की वर्षा करें। हम उद्देशपूर्ण जीवन जीयें और हमारा देश और प्रदेश प्रगति और विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ता चला जाए। यही मैया के चरणों में प्रार्थना है। सब सुखी हों, सब निरोग हों, सबका मंगल हो और सबका कल्याण हो। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री ने तूने मुझे बुलाया शेरावालिये भजन भी गाया।

## मतदान समाप्ति से 48 घंटे पहले तक टेलीविजन या अन्य संचार माध्यमों से किसी भी चुनावी मामले का प्रदर्शन प्रतिबंधित रहेगा

**सेंधवा (निर्मला वर्मा)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिये मीडिया कव्हरेज के परिप्रेक्ष्य में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। आयोग ने कहा है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126(1)(बी) के अनुसार टेलीविजन, सिनेमैटोग्राफ या इसी तरह के अन्य संचार माध्यमों से किसी भी चुनावी मामले (विज्ञापन या प्रचार आदि) का प्रदर्शन करने पर प्रतिबंध रहेगा। यह प्रतिबंध किसी भी मतदान क्षेत्र में मतदान समाप्ति के 48 घंटे पहले तक की अवधि के लिए प्रभावी रहेगा। आयोग ने स्पष्ट किया है कि कोई भी व्यक्ति सिनेमैटोग्राफ, टेलीविजन या अन्य समान उपकरण के माध्यम से किसी भी चुनावी मामले को जनता के समक्ष प्रदर्शित नहीं करेगा। इन प्रावधानों का उल्लंघन करने पर दोषी व्यक्ति को दो साल तक की कैद या जुमार्ना या दोनों से दंडित किया जा सकता है। आयोग के अनुसार चुनाव के परिणाम को प्रभावित करने या ऐसे इरादे या गणना करने जैसा कोई भी प्रयास चुनावी मामला माना जायेगा। टीवी चैनलों में पैनल चर्चा/बहस और अन्य समाचार और समसामयिक कार्यक्रमों के प्रसारण में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 के प्रावधानों के उल्लंघन के आरोप लगते हैं। इस संबंध में आयोग ने स्पष्ट किया है कि टीवी/रेडियो चैनलों और केबल नेटवर्क को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि धारा 126 में उल्लेखित 48 घंटों की अवधि के दौरान उनके द्वारा प्रसारित/प्रदर्शित कार्यक्रमों के कंटेन्ट में दृश्य सहित ऐसी कोई भी सामग्री शामिल नहीं है। पैनलिस्टों/प्रतिभागियों द्वारा अपील करने पर उन्हें किसी पार्टी विशेष या उम्मीदवार की संभावना को बढ़ावा देने या चुनाव के परिणाम को प्रभावित करने के रूप में माना जा सकता है।

# यादव बोले- छिंदवाड़ा को गुलाम बनाकर रखा, इस बार यहां की आजादी का चुनाव है

**छिंदवाड़ा ■**

लोकसभा चुनाव में मध्यप्रदेश की छिंदवाड़ा सीट को जीतने के लिए भाजपा ने पूरा जोर लगा दिया है। बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भाजपा प्रत्याशी विवेक साहू के समर्थन में दमुआ, जुन्नारदेव, परासिया के चांदामेटा में रोड शो और जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने पूर्व सीएम कमलनाथ पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्षों से छिंदवाड़ा को गुलाम बनाकर रखा है, जिस तरह से कांग्रेस सिर्फ एक ही परिवार की जागीर बनकर रह गई है, उसी तरह से छिंदवाड़ा को भी एक ही परिवार ने अपनी गुलामी की जंजीरों में जकड़ रखा है, लेकिन अब छिंदवाड़ा की जनता समझदार हो गई है। वह अपना अच्छा क्या है और बुरा क्या है सब जानती है।

सीएम मोहन ने कहा, कमलनाथ कहते हैं कि वे छिंदवाड़ा में 45 वर्षों से तपस्या कर रहे हैं, लेकिन वे छिंदवाड़ा के लिए तपस्या नहीं कर रहे हैं, बल्कि वे तो यहां के लिए समस्या बन गए हैं। कांग्रेस तो हमेशा से झूठ बोलकर ही राज करती रही है। झूठ बोलना तो इनके खून में ही शामिल है। छिंदवाड़ा आकर इतना आनंद आ रहा है, मन इतना खुश है और लग रहा है कि हमारी तो रामनवमी, होली, दीवाली सब बन गई है।

### छिंदवाड़ा में फैले कीचड़ में खिलता दिख रहा है कमल

मुख्यमंत्री ने कहा कि छिंदवाड़ा में 45 वर्षों से फैले कीचड़ में इस बार कमल का फूल खिलता दिखाई दे रहा है। छिंदवाड़ा आकर इतना आनंद आ रहा है और आप सभी को देखकर ऐसा लग रहा है कि कोई बड़ा समुद्र हिलोरे ले रहा हो। सबकी उपस्थिति से निश्चित रूप से इस बार छिंदवाड़ा में कमल का फूल ही खिलेगा। उन्होंने कहा कि अब छिंदवाड़ा की जनता सब समझ गई है कि उन्हें अब तक झूठ बोलकर पागल बनाया जाता रहा है। अब छिंदवाड़ा के लोग क्यों जीवनभर किसी के गुलाम बनकर रहे। वे भी गुलामी से बाहर आना चाहते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एक तरफ कमलनाथ कहते हैं कि वे 45 वर्षों से छिंदवाड़ा का विकास कर रहे हैं, लेकिन यहां की 35 खदानें बंद हो गई हैं। रहने के लिए क्वार्टर नहीं हैं। छिंदवाड़ा और प्रदेश की जनता ने वर्ष 2018 में कांग्रेस को मौका दिया। 15 माह तक सरकार रही, लेकिन मुख्यमंत्री रहते कमलनाथ यहां की खदानों को चालू नहीं करवा सके। अब यह कलंक किसके माथे पर है।



### इन्हें उठाते-उठाते लोगों के कंधे टूट गए

मुख्यमंत्री ने कहा कि छिंदवाड़ा के लोगों के 45 सालों में इन्हें उठाते-उठाते कंधे तक टूट गए हैं, लेकिन इन्होंने उन लोगों की सुध तक नहीं ली। क्या छिंदवाड़ा में एक ही परिवार है, जिसको राजनीति करने का अधिकार है? क्या छिंदवाड़ा सिर्फ एक ही परिवार की जागीर बनकर रह गया है। भाजपा में परिवारवाद नहीं चलता है, यहां पर कार्यकताओं को भी उनका अधिकार मिलता है। वे छिंदवाड़ा की जनता से झूठ बोलकर पहले खुद सांसद बनते रहे, फिर परिवारवाद शुरू कर दिया।

### कांग्रेस झूठ बोलकर वर्षों तक आपस में लड़ाती रही

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के लोग वर्षों तक झूठ बोलकर देश-प्रदेश में राज करते रहे। ये झूठ बोलकर सरकार बनाते रहे। आजादी के समय इन्होंने हिन्दुस्तान-पाकिस्तान का बंटवारा करवाया। आजादी के बाद मंदिरों के नाम पर हिन्दू-मुसलमानों को लड़ाते रहे। वर्षों से हमारे देश में भी मंदिरों में नामों पर हिन्दू-मुसलमानों को लड़ाते रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे देश में तो राम और रसखान की पुरानी परंपरा थी, लेकिन कांग्रेस के लोग तो हमारे आराध्य श्रीराम मंदिर पर ही प्रश्न खड़ा करते रहे। वे कहते रहे कि श्रीराम मंदिर बनेगा तो देश के हालात बिगड़ जाएंगे, दंगे होंगे, लेकिन सबने देखा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद क्या हिन्दू और क्या मुसलमान, सभी ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया और आज श्रीराम मंदिर बनकर तैयार भी हो गया। पिछले 10 वर्षों में एक बार भी दंगा या देश में ऐसे हालात नहीं पैदा हुए, जिससे किसी को कोई परेशानी आए।

# महिलाये अपना घूँघट कर ले, बाबा महाकाल को भस्म चढ़ेगी अब ये आवाज लगाने वाले...

## बाबा महाकाल के चरणों मे समा गए

**उज्जैन ■**

आप अगर विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकाल की भस्म आरती देखने आए हो तो आपको पता होगा कि जब बाबा महाकाल को भस्म अर्पित की जाती थी उस समय एक आवाज सुनाई देती थी कि भस्मी चढ़ने वाली है, महिलाएं घूंघट कर लें। कुछ मिनट बाद ही फिर घूंघट हटाने की आवाज आती थी। जो सेवादार ये आवाज लगाते थे, अब वे नहीं रहे। महाकाल में घटी आग की घटना में झुलसने के कारण मंगलवार देर रात उनका निधन हो गया।

बता दें कि अवंतिपुरा में नई गली क्षेत्र में रहने वाले 80 वर्षीय सत्यनारायण सोनी महाकाल मंदिर के गर्भगृह में होली के दिन हुए हादसे में गंभीर रूप से झुलस गए थे। इनका



उपचार पहले इंदौर के अरविंदो अस्पताल में जारी था, लेकिन उनके स्वास्थ्य में सुधार होता दिखाई न देने पर अच्छे उपचार के लिए सोनी को एयर एंबुलेंस से मुंबई के हॉस्पिटल ले जाया गया था। जहां आग से जलने वालों का बेहतर उपचार किया जाता है, लेकिन यहां उनकी उपचार के दौरान मौत हो गई। आज सुबह सोनी की पार्थिव देह भी एयर एंबुलेंस से ही उज्जैन लाई गई थी।

### 50 वर्षों से हो रहे थे भस्म आरती में शामिल

बताया जाता है कि सत्यनारायण सोनी बाबा महाकाल के सच्चे सेवक थे, जो कि भस्म आरती में सफाई करना हो, पूजन सामग्री एकत्रित करना हो, थाली सजाना हो या अन्य कोई भी काम हमेशा हर कार्य करने के लिए तैयार रहते थे। महाकाल मंदिर के पुजारी बताते हैं कि बाबा महाकाल की पूजा करने के लिए भले ही कोई भी पुजारी मंदिर में आते हों लेकिन उनके सहयोगी के रूप मे सत्यनारायण सोनी सेवा देने के लिए जरूर मौजूद रहते थे। महाकाल मंदिर के पुजारी पंडित राम गुरु ने बताया कि लगभग 50 वर्षों से महाकाल भक्त सत्यनारायण सोनी भस्म आरती में अपनी सेवाएं दे रहे थे पुजारी परिवार की तीन पीढ़ियों के साथ उन्होंने बाबा महाकाल की सेवा की। पुजारी परिवार और मंदिर प्रबंध समिति ने उन्हें बचाने के काफी प्रयास किया, लेकिन भगवान महाकाल ने उन्हें अपने चरणों में बुला लिया।

**कलेक्टर-एसपी पहुंचे चक्रतीर्थ श्मशान घाट-** दिवंगत सोनी की पार्थिव देह सुबह बुधवारिया क्षेत्र के अवंतिपुरा में नई गली स्थित निवास पहुंची। सोनी का पार्थिव शव आते ही क्षेत्र में शोक छा गया। परिजन उनकी झलक देखकर रो पड़े। चक्रतीर्थ पर सोनी का अंतिम संस्कार किया गया। अंत्येष्टि में कलेक्टर नीरजकुमार सिंह, एसपी प्रदीप शर्मा, एडीएम अनुकूल जैन, मंदिर प्रशासक मृणाल मीना, सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल सहित महाकाल मंदिर के पुजारी प्रदीप गुरु, राजेश जोशी, राम पुजारी, नीरज गुरु आदि भी शामिल हुए।

# बीवी को किया अधमरा, साली को उतारा मौत के घाट, ससुराल में दामाद का खूनी खेल

**जबलपुर ■**

जबलपुर में एक युवक ने अपनी ससुराल में ऐसा खूनी खेल खेला की हर कोई दहशत में आ गया। घटना हनुमानताल थाना इलाके के ठक्कर गांव की है जहां ससुराल में दामाद ने पहले तो अपनी पत्नी पर चाकू से हमला किया और फिर जब बीवी की बड़ी बहन बचाने आई तो उस पर चाकू से इतने वार किए की उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पत्नी की हालत गंभीर बनी हुई है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

ठक्कर गांव में उस वक्त सनसनी फैल गई जब कुछ दिनों से ही ससुराल में रह रहे इमरान नाम के युवक ने अपनी पत्नी नाजिया और उसकी बड़ी बहन पर चाकू से हमला कर दिया। बताया गया है कि नाजिया और इमरान की शादी करीब 8 महीने पहले हुई थी लेकिन दोनों के बीच शादी के बाद विवाद होने लगा तो नाजिया इमरान को छोड़कर अपने मायके में आकर रहने लगी थी। कुछ दिन पहले इमरान भी ससुराल में आया था और यहीं रह रहा था। दोनों के बीच एक बार फिर विवाद हुआ इसी दौरान इमरान ने पत्नी नाजिया पर चाकू से हमला कर दिया।

### बड़ी बहन बचाने आई तो उसे मार डाला

इमरान ने जैसे ही नाजिया पर चाकू से हमला किया तो चीख पुकार सुनकर नाजिया की बड़ी बहन उसे बचाने के लिए पहुंची। उसने बीच बचाव की कोशिश की तो इमरान ने उस पर भी चाकू से वार करना शुरू कर दिए जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पत्नी नाजिया को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# अमित शाह आज मंडला और कटनी में करेंगे जनसभा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के लिए केंद्रीय नेताओं के दौरे तेज हो गए हैं। इसी क्रम में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मध्य प्रदेश में लगातार दौरे कर रहे हैं। अमित शाह गुरुवार को मंडला एवं कटनी में जनसभा एवं स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

शाह दोपहर 12.50 बजे मंडला के रपटा घाट पर मां नर्मदा के दर्शन कर पूजन-अर्चना करेंगे। इसके बाद दोपहर 1.10 बजे सर्किट हाउस के सामने स्थित रानी दुर्गावती प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे एवं दोपहर 1.30 बजे पुलिस ग्राउंड में जनसभा को संबोधित करेंगे। शाह दोपहर 2.50 बजे कटनी के विजयनाथ धाम मंदिर में दर्शन कर पूजन-अर्चना करेंगे।



दोपहर 3.10 बजे विजयनाथ धाम मेला ग्राउंड में जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को होशंगाबाद में भाजपा प्रत्याशी दर्शन सिंह के समर्थन में पिपरिया में सभा करेंगे। वहीं, 20 अप्रैल को प्रधानमंत्री का सागर दौरा प्रस्तावित है। इससे पहले प्रधानमंत्री ने जबलपुर में भाजपा प्रत्याशी आशीष दुबे, बालाघाट में भारती पारधी, अब नर्मदापुरम में दर्शन सिंह और सागर में लता वानखेड़े के लिए जनसभा करेंगे।

# विधानसभा राजपुर में हुआ महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन, ईवीएम टीम ने 36 रनों से मैच जीता

**सेंधवा (निर्मला वर्मा) ■**

**कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ राहुल फटिंग के निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर स्वीप की गतिविधि अंतर्गत बुधवार को विधानसभा राजपुर के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय राजपुर में महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एसडीएम राजपुर श्री जितेन्द्र पटेल से प्राप्त जानकारी अनुसार क्रिकेट प्रतियोगिता में ईवीएम-11 एवं डाक मतपत्र-11 नाम से टीम बनाई गई। जिसमें ईवीएम-11 टीम 36 रनों से विजयी हुई।**




### रोमांचक रहा मैच

मैच की शुरूआत में वरिष्ठ महिला श्रीमती कमलाबाई एवं श्रीमती सायरा बाई को दोनों टीम के सदस्यों ने वरिष्ठजन के पैर छूकर अपना परिचय देते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। मैच का टास डाक मतपत्र टीम ने जीता, टीम ने फिल्डिंग का चयन किया। पहली पारी की बेटिंग ईवीएम-11 की टीम ने करते हुए 74 रन बनाये। मैच की विशेषता यह रही कि भारतीय परिधान में साड़ी को पहने हुए ईवीएम-11 टीम की एक महिला खिलाड़ी ने अपना शानदार प्रदर्शन किया। उन्होने मैच के दौरान दो विकेट भी लिये।

### जिले वासियों से की मतदान करने की अपील

लोकसभा निर्वाचन में मतदान का संदेश देने के लिए खेले गये इस मैच के प्रारंभ में सभी खिलाड़ियों ने नगर वासियों एवं वरिष्ठजनों के साथ मतदान के संदेश देने वाली तख्तियां अपने हाथों में लेकर सभी से 13 मई को जिले में होने वाले मतदान दिवस के दिन अनिवार्य रूप से अपना मताधिकार का उपयोग करने की अपील भी की। इस दौरान सभी ने ह्यह्यसारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, सबसे वोट डलेगा, उसके बाद चूल्हा जलेगा, जन-जन की यही पुकार, वोट डालों अबकी बार जैसे नारे के साथ मतदान का संदेश दिया।

# कला-संस्कृति : राजस्थान का लोकोत्सव गणगौर...

राजस्थान का नाम सुनते ही मन खुशी से झूम उठता है। राजस्थान के पर्व त्यौहार अपने आप में अलग ही महत्व रखतें हैं। राजस्थानी परम्परा के लोकोत्सव अपने में एक विरासत को संजोए हुए हैं। राजस्थान को देव भूमि कहा जाय तो गलत नहीं होगा। यहां सभी सम्प्रदाय फले फूले हैं। यहाँ के शासकों ने विश्व कल्याण की भवना से अभिभूत होकर लोक मान्यताओं का सम्मान किया है। इसी कारण यहां सभी देवी देवताओं के उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाये जाते हैं। गणगौर का उत्सव भी ऐसा ही लोकोत्सव है। जिसकी पृष्ठ भूमि पौराणिक है। समय के प्रभाव से उनमें शास्त्राचार के स्थान पर लोकाचार हावी हो गया है। परन्तु भाव भंगिमा में कोई कमी नहीं आई है।



**रमेश सर्राफ धमोरा**
लेखक
ग्लोबल हेराल्ड

गणगौर भी राजस्थान का ऐसा ही एक प्रमुख लोक पर्व है। लगातार 17 दिनों तक चलने वाला गणगौर का पर्व मूलतः कुंवारी लड़कियों व महिलाओं का त्यौंहार है। राजस्थान की महिलाएं चाहे दुनिया के किसी भी कोने में हो गणगौर के पर्व को पूरी उत्साह के साथ मनाती है। विवाहिता एंव कुवारी सभी आयु वर्ग की महिलायें गणगौर की पूजा करती है। गणगौर शब्द भगवान शिव और पार्वती के नाम से बना है। गण यानि भगवान शिव और गौर यानि पार्वती। इसलिए शिव-पार्वती की पूजा के रूप में इस त्यौहार को मनाया जाता है। होली के दूसरे दिन से सोलह दिनों तक लड़कियां प्रतिदिन प्रातः काल ईसर-गणगौर को पूजती हैं। जिस लड़की की शादी हो जाती है वो शादी के प्रथम वर्ष अपने पीहर जाकर गणगौर की पूजा करती है। इसी कारण इसे सुहागपर्व भी कहा जाता है। कहा जाता है कि चैत्र शुक्ला तृतीया को राजा हिमाचल की पुत्री गौरी का विवाह शंकर भगवान के साथ हुआ था। उसी की याद में यह त्यौहार मनाया जाता है। गणगौर व्रत गौरी तृतीया चैत्र शुक्ल तृतीया तिथि को किया जाता है। इस व्रत का राजस्थान में बड़ा महत्व है। कहते हैं इसी व्रत के दिन देवी पार्वती ने अपनी उंगली से रक्त निकालकर महिलाओं को सुहाग बांटा था। इसलिए महिलाएं इस दिन गणगौर की पूजा करती हैं।

राजस्थान की राजधानी जयपुर में गणगौर उत्सव दो दिन तक धूमधाम से मनाया जाता है। सरकारी कार्यालयों में आधे दिन का अवकाश रहता है। ईसर और गणगौर की प्रतिमाओं की शोभायात्रा राजमहल से निकलती है। इनको देखने बड़ी संख्या में देशी-विदेशी सैनानी उमड़ते हैं। सभी उत्साह से भाग लेते हैं। इस उत्सव पर एकत्रित भीड़ जिस श्रृद्धा एवं भक्ति के साथ धार्मिक अनुशासन में बंधी गणगौर की जय-जयकार करती हुई भारत की सांस्कृतिक परम्परा का निर्वाह करती है उसे देख कर अन्य धर्मावलम्बी भी इस संस्कृति के प्रति श्रृद्धा भाव से ओतप्रोत हो जाते हैं। ढूंढाड़ की भांति ही मेवाड़, हाड़ौती, शेखावाटी सहित इस मरुधर प्रदेश के विशाल नगरों में ही नहीं बल्कि गांव-गांव में गणगौर पर्व मनाया जाता है एवं ईसर-गणगौर के गीतों से हर घर गुंजायमान रहता है। कामदेव मदन की पत्नी रति ने भगवान शंकर की तपस्या कर उन्हें प्रसन्न कर लिया तथा उन्हीं के तीसरे नेत्र से भष्म हुए अपने पति को पुनः जीवन देने की प्रार्थना की। रति की प्रार्थना से प्रसन्न हो भगवान शिव ने कामदेव को पुनः जीवित कर दिया तथा विष्णुलोक जाने का वरदान दिया। उसी की स्मृति में प्रतिवर्ष गणगौर का उत्सव मनाया जाता है। गणगौर पर्व पर विवाह के समस्त नेगचार व रस्में की जाती है। होलिका दहन के दूसरे दिन गणगौर पूजने वाली लड़कियां होली दहन की राख लाकर उसके आठ पिण्ड



बनाती हैं एवं आठ पिण्ड गोबर के बनाती हैं। उन्हें दूब पर रखकर प्रतिदिन पूजा करती हुई दीवार पर एक काजल व एक रोली की टिकी लगाती हैं। शीतलाष्टमी तक इन पिण्डों को पूजा जाता है। फिर मिट्टी से ईसर गणगौर की मूर्तियां बनाकर उन्हें पूजती हैं। लड़कियां प्रातः ब्रह्ममुहुर्त में गणगौर पूजते हुये गीत गाती हैंः-

गौर ये गणगोर माता खोल किवाड़ी, छोरी खड़ी है तन पूजण वाली। गीत गाने के बाद लड़कियां गणगौर की कहानी सुनती है। दोपहर को गणगौर के भोग लगाया जाता है तथा कुए से लाकर पानी पिलाया जाता है। लड़कियां कुए से ताजा पानी लेकर गीत गाती हुई आती हैंः-

म्हारी गौर तिसाई ओ राज घाट्यारी मुकुट करो,
बीरमदासजी रो ईसर ओराज, घाटी री मुकुट करो,
म्हारी गौरल न थोड़ो पानी पावो जी राज घाटीरी मुकुट करो।

लड़कियां गीतों में गणगौर के प्यासी होने पर काफी चिन्तित लगती है एवं गणगौर को जल्दी से पानी पिलाना चाहती है। पानी पिलाने के बाद गणगौर को गेहूं चने से बनी घूघरी का प्रसाद लगाकर सबको बांटा जाता है और लड़कियां गीत गाती हैंः-

म्हारा बाबाजी के माण्डी गणगौर, दादसरा जी के माण्ड्यो रंगरो झूमकड़ो,
ल्यायोजी - ल्यायो ननद बाई का बीर, ल्यायो हजारी ढोला झुमकड़ो।

रात को गणगौर की आरती की जाती है तथा लड़कियां नाचती हुई गाती हैं। गणगौर पूजन के मध्य आने वाले एक रविवार को लड़कियां उपवास करती हैं। प्रतिदिन शाम को क्रमवार हर लडकी के घर गणगौर ले जायी जाती है। जहां गणगौर का बिन्दौरा निकाला जाता है तथा घर के पुरुष लड़कियों को भेंट देते हैं। लड़कियां खुशी से झूमती हुई गाती हैंः-

ईसरजी तो पेंचो बांध गोराबाई पेच संवार ओ राज म्हे ईसर थारी सालीछां।

गणगौर विसर्जन के पहले दिन गणगौर का सिंजारा किया जाता है। लड़कियां मेहन्दी रचाती हैं। नये कपड़े पहनती हैं, घर में पकवान बनाये जाते हैं। सत्रहवें दिन लड़कियां नदी, तालाब, कुए, बावड़ी में ईसर गणगौर को विसर्जित कर विदाई देती हुई दुःखी हो गाती हैंः-

गोरल ये तू आवड़ देख बावड़ देख तन बाई रोवा याद कर।

गणगौर की विदाई का बाद कई महिनो तक त्यौहार नहीं आते इसलिए कहा गया है-तीज त्यौहारा बावड़ी ले डूबी गणगौर। अर्थात जो त्यौहार तीज (श्रावणमास) से प्रारम्भ होते हैं उन्हें गणगौर ले जाती है। ईसर-गणगौर को शिव पार्वती का रूप मानकर ही बालाऐं उनका पूजन करती हैं। गणगौर के बाद बसन्त ऋतु की विदाई व ग्रीष्म ॠतु की शुरूआत होती है। दूर प्रान्तों में रहने वाले युवक गणगौर के पर्व पर अपनी नव विवाहित प्रियतमा से मिलने अवश्य आते हैं। जिस गोरी का साजन इस त्यौहार पर भी घर नहीं आता वो सजनी नाराजगी से अपनी सास को उलाहना देती है। सासू भलरक जायो ये निकल गई गणगौर, मोल्यो मोड़ों आयो रे।

हमें आज आवश्यकता है इस लोकोत्सव को अच्छे वातावरण में मनाये। हमारी प्राचीन परम्परा को अक्षुण बनाये रखे। इसका दायित्व है उन सभी सांस्कृतिक परम्परा के प्रेमियों पर है जिनका इससे लगाव है। जो ऐसे पर्वो को सिर्फ पर्यटक व्यवसाय की दृष्टि से न देखकर भारत के सांस्कृतिक विकास की दृष्टि से देखने के हिमायती हैं। अब राजस्थान पर्यटन विभाग की वजह से हर साल मनाए जाने वाले इस गणगौर उत्सव में शामिल होने कई देशी-विदेशी पर्यटक भी पहुँचने लगे हैं।

# मनोरंजन

## श्रद्धा ने स्टाइलिश अंदाज में दिए कई पोज



हाल ही में एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर को मुंबई के जुहू में स्पाट किया गया। इस दौरान उनका ग्लैमरस लुक देखने को मिला। लुक की बात करें तो श्रद्धा पिंक फार्मल आउटफिट में बॉसी दिखीं। लुक की बात करें तो श्रद्धा ने पिंक ब्रालेट, पैंट के साथ कोट कैरी किया है। मिनिमल मेकअप, ओपन हेयर्स श्रद्धा के लुक को परफेक्ट बना रहे हैं। श्रद्धा ने इस दौरान नेकपीस, रिंग्स जैसी एक्सैसरीज पेयर की थीं। मीडिया कैमरों के सामने श्रद्धा ने स्टाइलिश अंदाज में कई पोज दिए। फैंस उनकी इन तस्वीरों को काफी पसंद कर रहे हैं।

बता दें कि श्रद्धा इन दिनों अपनी लव लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। खबरें हैं कि श्रद्धा राहुल मोदी को डेट कर रही हैं। हाल ही में श्रद्धा और राहुल का इंटरनेशनल सिंगर रिहाना के कॉन्सर्ट से एक पुराना वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ये वीडियो मार्च 2024 में जामनगर में आयोजित हुए अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग सेरेमनी का था, जिसमें इंटरनेशनल सिंगर रिहाना का कॉन्सर्ट होस्ट किया गया था। श्रद्धा कपूर के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी अपकमिंग फिल्में टाइम ट्रैवल और पौराणिक कथाओं पर आधारित होंगी श्रद्धा निर्देशक अमर कौशिक की बहुप्रतीक्षित कॉमेडी हॉरर फिल्म स्त्री 2 में पंकज त्रिपाठी और राजकुमार राव के साथ दिखाई देंगी।

## फैंस ने आदित्य रॉय कपूर -अनन्या को दी शादी करने की सलाह



आजकल बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे को लेकर अफवाहें उड़ रही हैं कि वह बॉलीवुड एक्टर आदित्य रॉय कपूर को डेट कर रही हैं। हालांकि इस बात पर उनकी ओर से कोई कंफर्मेशन नहीं आई है लेकिन अक्सर वह आदित्य के साथ स्पॉट हो ही जाती हैं। अब हाल ही में अनन्या ने आदित्य के साथ एक एड शूट किया है। इस एड को देखने के बाद फैंस ने दोनों को शादी करने की सलाह दे डाली है। अनन्या पांडे ने अपने सोशल मीडिया पर एक कर्मिशियल एड वीडियो शेयर किया है। इसमें आदित्य और अनन्या एक साथ नजर आ रहे हैं। दोनों को एक साथ देख फैंस भी काफी खुश नजर आ रहे हैं। ऐड में भले ही दोनों बात कर रहे हैं लेकिन कपल की कैमिस्ट्री फैंस को काफी अच्छी लग रही है। अनन्या के द्वारा शेयर की गई इस वीडियो के बाद फैंस दोनों पर प्यार लुटाते हुए नजर आ रहे हैं। इस वीडियो को देखने के बाद यूजर्स ने आदित्य और अनन्या को शादी करने की सलाह दे दी है। एक यूजर ने लिखा कि - आप दोनों साथ में बहुत अच्छे लगते हो। मालूम हो कि आदित्य और अनन्या की डेटिंग रुमर्स कोई पहली बार नहीं, पहले भी कई बार उड़ चुकी हैं। दोनों कई बार वेकेशन पर एक साथ नजर आ चुके हैं। हालांकि दोनों में ऐज गैप काफी है जिसके कारण उन्हें ट्रोलिंग का शिकार भी होना पड़ता है। आदित्य अनन्या से 13 साल बड़े हैं। वहीं कुछ दिन पहले यह खबर आई थी कि दोनों सगाई करने वाले हैं। अब इस बात में कितनी सच्चाई है ये तो सिर्फ आदित्य और अनन्या ही बता सकते हैं। बता दें कि बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे सुर्खियों में बनी ही रहती हैं।

## भारत के टॉप एक्टर भी डर गए थे हमारे बेहतरीन कलाकारों से : नादिया खान



पाकिस्तानी अभिनेत्री नादिया खान भी अपने एक बयान को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सुर्खियों में हैं। उन्होंने दावा किया कि खान समेत बॉलीवुड के बड़े स्टार पाकिस्तान के टैलेंटेड आर्टिस्टों की मौजूदगी में असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। एक शो से नादिया का एक वीडियो एक्स पर शेयर किया गया है जिसमें वो भारतीय सेलेब्स पर तंज कसती देखी जा सकती है। वायरल वीडियो में पाकिस्तानी एक्ट्रेस नादिया खान कुछ दूसरे पाकिस्तानी आर्टिस्ट्स के साथ टीवी शो में बैठी हैं। इस वे कहती हैं, 'हमारे एक्टर्स भारत में बहुत पॉपुलर होने लगे हैं जैसे फवाद खान वगैरह वहां जाकर काम करने लगे तो वहां के कुछ बड़े एक्टर्स इनसिक्योर यानी असुरक्षित मेहसूस करने लगे हैं। और इसीलिए उन्होंने उसे पॉलिटिकल इशू बनाकर बैन करवाया है।' उसी वीडियो में नादिया आगे कहती हैं, 'ऐसा नहीं था कि सिर्फ नेताओं को दिक्कत थी, बल्कि वहां के टॉप एक्टर्स भी हमारे बेहतरीन कलाकारों से डर गए थे। यह सिर्फ फिल्में मिलने का डर नहीं है, बल्कि यह भी है कि इंडियन ऑडियंस पाकिस्तानी आर्टिस्ट्स को कितना पसंद करने लगी थी। वे हमारे टैलेंट से इतना डर गए कि उन्होंने हम पर बैन लगवा दिया। हाल ही में हमारे एक्टर्स वहाज और बिलाल (वहाज अली और बिलाल अब्बास खान) ने जो किया है, उससे इंडियन ऑडियंस को उनसे प्यार हो गया है।'आगे नादिया ने बॉलीवुड के तीनों खान का भी लिया। उन्होंने कहा, 'भारत में ये स्टार्स वायरल हैं, इंडिया में इनकी फैन फॉलोइंग के बारे में आपको अंदाजा नहीं होगा। यहां तक कि आमिर खान, शाहरुख खान और सलमान खान भी इनसिक्योर हैं।






# फेडरर को पीछे छोड़ जोकोविच दुनिया के सबसे उम्रदराज नंबर-एक बने, युगल में बोपन्ना के नाम है कीर्तिमान

मोंटे कार्लो (फ्रांस) ■

नोवाक जोकोविच ने एक और असाधारण उपलब्धि हासिल कर ली है। उन्होंने रोजर फेडरर को पीछे छोड़कर दुनिया के सबसे उम्रदराज विश्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल कर लिया है। 36 वर्षीय जोकोविच अगले माह 37 वर्ष के होने वाले हैं और उन्होंने जून, 2018 में सबसे ज्यादा उम्र में नंबर एक बनने वाले फेडरर को पीछे छोड़ दिया है। यही नहीं मोंटे कार्लो में इस वक्त दो खिलाड़ियों को सबसे ज्यादा चर्चा है और ये जोकोविच, रोहन बोपन्ना हैं। टेनिस के पुरुष एकल और युगल में वर्तमान में नंबर एक पदवी सबसे उम्रदराज खिलाड़ियों के नाम पर है। जोकोविच एकल में तो 44 वर्षीय बोपन्ना युगल में नंबर एक हैं।



### रिकॉर्ड 420वें सप्ताह नंबर एक बने नोवाक

इस सोमवार को जोकोविच नंबर एक की पदवी पर 420वें सप्ताह में पहुंच गए। यह भी एक रिकॉर्ड है, जिसे वह पहले तोड़ चुके हैं। फेडरर 310 सप्ताह तक नंबर एक रहे थे। जोकोविच ओपन दौर में सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम जीतने वाले खिलाड़ी हैं। फेडरर ने पीट संप्रास के 14 ग्रैंड स्लैम का रिकॉर्ड तोड़ा था। राफेल नडाल ने फेडरर के 20 ग्रैंड स्लैम का रिकॉर्ड तोड़ा और जोकोविच ने नडाल के 22 ग्रैंड स्लैम के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा है। जोकोविच मोंटे कार्लो में अपने नियमित कोच रहे गोरान इवानिसेविच के बिना पहली बार टेनिस कोर्ट पर उतरेंगे। महिलाओं में पोलैंड की इगा स्वियातेक नंबर एक की पदवी पर बरकरार हैं।

### मैं और रोहन ओल्ड हैं पर गोल्ड हैं : जोकोविच

एटीपी पर वीडियो पोस्ट में बोपन्ना ने कहा कि अनुभव काफी मायने रखता है, लेकिन जोकोविच का मानना है कि सफलता का सबसे बड़ा मंत्र समर्पण है। बोपन्ना ने कहा कि अनुभव जीतता है और यह यहीं से उन्हें मिला है। जोकोविच ने कहा कि अनुभव के साथ समर्पण और निष्ठा भी मायने रखती है। उन्होंने बोपन्ना को घंटों जिम में फीजियो के साथ समय बिताते हुए देखा है। इतने वर्षों तक एटीपी टूर को आपके साथ साझा करना शानदार है। जोकोविच कहते हैं कि एकल और युगल दोनो में सबसे उम्रदराज विश्व नंबर एक होना अद्भुत है। यह सर्बिया और भारतीय टेनिस दोनों के लिए अच्छा है। जोकोविच कहते हैं कि वह आशा करते हैं कि जल्द ही हम दोनों भारत में कुछ करेंगे। हम वहां खेलेंगे। वह लंबे समय से भारत नहीं गए हैं। यह काफी बड़ा और शानदार देश है। टेनिस की भारत में अपार लोकप्रियता है और बोपन्ना इसमें सानिया, भूपति, पेस के साथ लगातार योगदान देते रहे हैं। जोकोविच कहते हैं कि हम ओल्ड हैं लेकिन गोल्ड हैं।

# गुकेश और प्रगनानंदा का अब तक का सफर रहा शानदार, आनंद भी दोनों के प्रदर्शन से हुए प्रभावित





टोरंटो ■

भारतीय दिग्गज विश्वनाथन आनंद का मानना है कि कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के पहले विश्राम दिवस तक भारतीय खिलाड़ी डी गुकेश और आर प्रगनानंदा ने शुरुआती तूफान का सामना आश्चर्यजनक रूप से बेहतर ढंग से किया है। टूर्नामेंट से पहले भारतीय खिलाड़ी दावेदार नहीं माने जा रहे थे, लेकिन गुकेश (2.5) और प्रगनानंदा (2) ने अब तक टूर्नामेंट में अपनी पकड़ बनाए रखी है। हालांकि, नाकामुरा को हराकर दावेदार बने विदित गुजराती (1.5) के बारे में ऐसा नहीं है। वह लगातार दो हार के बाद पिछड़ गए हैं।

### प्रगनानंदा के साथ मौजूद हैं उनकी मां

पिछले दो बार के कैंडिडेट्स विजेता फिडे के झंडे तले खेल रहे रूस के नेपोमिनयाच्ची चार दौर के बाद तीन अंक लेकर बढ़त पर हैं। अभी 10 दौर और बाकी हैं। नेपोमनियाच्ची अगर तीसरी बार जीतते हैं तो लगातार तीन खिताब जीतने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी होंगे। प्रगनानंदा के साथ टूर्नामेंट में उनकी मां नागलक्ष्मी भी आई हुई हैं। प्रगनानंदा कहते हैं कि आपके साथ कमरे में किसी का होना महत्वपूर्ण है। यह उस वक्त और महत्वपूर्ण हो जाता है जब आप हारते हैं। मैं उनके सहयोग के लिए उनका आभारी हूं।

# आईपीएल में आज होगा आरसीबी और मुंबई इंडियंस का मुकाबला

मुम्बई ■

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) और मुंबई इंडियंस के बीच गुरुवार को यहां आईपीएल 2024 में अहम मुकाबला होगा। इस मैच में दोनो ही टीमें जीत के लिए पूरा जोर लगा देंगी। अब तक दोनो ही टीमें इस सत्र में विफल रही हैं। दोनो ने ही अब तक एक-एक मैच ही जीता है।

आरसीबी पांच में से चार मैच हारी है। आरसीबी की हार का कारण उसके बल्लेबाजों और गेंदबाजों का कमजोर प्रदर्शन रहा है। बल्लेबाजी में विराट कोहली ने अब तक इस सत्र में सबसे अधिक रन बनाये हैं और वह ऑरेंज कैच के सबसे बड़े दावेदार हैं पर अन्य बल्लेबाज विफल रहे हैं। इसके अलावा गेंदबाज भी प्रभावी नहीं रहे हैं। वहीं दूसरी ओर मुम्बई की हालत भी ठीक नहीं है। उसे शुरुआती चार मैचों में से केवल एक में जीत मिली है। वह




अंकतालिका में आरसीबी से एक स्थान ऊपर है। इसके अलावा उसे घरेलू मैदान का भी लाभ मिल सकता है। उसने पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 29 रन से हराया था जिससे उसका मनोबल बढ़ा है। वहीं आरसीबी के विदेशी खिलाड़ियों ने भी निराश किया है। कप्तान फाफ डु प्लेसी 109 रन, ग्लेन मैक्सवेल 32 और कैमरन ग्रीन ने अबतक 68 रन ही बनाये हैं केवल विराट ही अभी तक एक शतक और दो अर्धशतक लगाकर 316 रन बना चुके हैं लेकिन उन्हें दूसरे छोर से साथ नहीं मिल सका । विराट ने इसी मैदान पर एकदिवसीय विश्वकप में शतक लगाया था और उसी प्रदर्शन को वह दोहराना चाहेंगे।

# मैच के दौरान रोनाल्डो ने खोया आपा, खिलाड़ी को मारी कोहनी, रेफरी को दिखाया पंच

नई दिल्ली ■

दुनिया के दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो एक बड़ी मुसीबत में फंसते नजर आ रहे हैं। रोनाल्डो सऊदी सुपर कप के मुकाबले में अल हिलाल के खिलाफ अपनी टीम अल नासर की हार के दौरान अपना आपा खो बैठे। उन्होंने ना सिर्फ विरोधी टीम के खिलाड़ी को कोहनी मारी, बल्कि मैच रेफरी को पंच मारने की कोशिश भी की। उनकी इस हरकत के कारण उन पर प्रतिबंध भी लग सकता है।

### रोनाल्डो को मिला रेड कार्ड

रोनाल्डो की टीम अल नासर की स्थिति अल हिलाल के खिलाफ अच्छी नहीं थी। टीम को इस मुकाबले में 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। अल नासर के लिए सादियो माने ने एकमात्र गोल किया। रोनाल्डो इससे काफी निराश थे और



मैच के दौरान उन्होंने गुस्से में विरोधी खिलाड़ी को कोहनी मार दी। उनकी इस हरकत के लिए मैच रेफरी ने तुरंत रोनाल्डो को रेड कार्ड दिखाया। यह पहली बार था जब रोनाल्डो को सऊदी अरब में रेड कार्ड मिला। रोनाल्डो खुद को रेड कार्ड मिलने से नाराज हुए और उन्हें मैच रेफरी को पंच मारने की कोशिश, लेकिन हाथ पीछे खींच लिया।

### सऊदी प्रो लीग में रोनाल्डो ने किए हैं सर्वाधिक गोल

रीयल मैड्रिड और मैनचेस्टर युनाइटेड के लिए खेल चुके रोनाल्डो सऊदी प्रो लीग में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने इस लीग में 29 गोल किए हैं। अल हिलाल के एलेक्सांद्र मित्रोविच रोनाल्डो से सात गोल पीछे हैं। रोनाल्डो अपनी टीम अल नासर के लिए काफी महत्वपूर्ण हैं। वह अब तक टीम के लिए 37 मैचों में 36 गोल कर चुके हैं और 12 बार गोल करने में सहायता की है। यह रोनाल्डो के करियर में 12वीं बार था जब उन्हें मैच में रेड कार्ड मिला है।

# बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में भारत को सिंधु, लक्ष्य ओर प्रणय से रहेंगी उम्मीदें

**मुम्बई।** चीन में होने वाले बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में भारत की महिला बैडमिंटन स्टार पी वी सिंधु के अलावा लक्ष्य सेन, एच एस प्रणय भी पदक दावेदार होंगे। इस टूर्नामेंट में सिंधु सहित भारतीय खिलाड़ियों की राह आसान नहीं रहेगी क्योंकि उन्हें कई बेहतरीन खिलाड़ियों का सामना करना पड़ेगा। इस टूर्नामेंट में भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी भाग नहीं लेगी। ऐसे में भारत को पदक की उम्मीदें सिंधु के अलावा लक्ष्य और प्रियांशु राजावत पर रहेंगी। सिंधु को इस टूर्नामेंट में ओलंपिक चैंपियन यूफेई, ताइ जु यिंग, अकाने यामागुची और ही बिंगजियाओ जैसी शीर्ष खिलाड़ियों से खेलने का अवसर मिलेगा। सिधु अपना पहला मुकाबला मलेशिया की विश्व की 33वें नंबर की खिलाड़ी गोह जिन वेई के खिलाफ करेंगी।

# धोनी ने अफगानिस्तान के क्रिकेटर गुरबाज को बल्ला भेंट किया



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की ओर से आईपीएल में खेल रहे अफगानिस्तान के बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज को एक बल्ला भेंट किया है। गुरबाज इस बल्ले को पाकर बेहद खुश हैं क्योंकि इसमें धोनी के हस्ताक्षर हैं। गुरबाज सोमवार को आईपीए 2024 में चेपॉक में गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ मैच में भी नहीं खेल नहीं पाए थे। इस मैच के बाद वह धोनी से मिले थे। गुरबाज ने ड्रेसिंग रूम में धोनी के साथ अपनी मुलाकात की एक तस्वीर भी सोशल मीडिया पर जारी की है। एक तस्वीर में गुरबाज को मुस्कुराते हुए देखा गया क्योंकि धोनी ने उन्हें अपने हस्ताक्षर वाला बल्ला जो दिया है।









प्रकाशक एवं मुद्रक **विष्णु गोयल** द्वारा स्वामी शिवा पब्लिकेशन के लिए 1-ए, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स एबी रोड, इंदौर, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं पी.जी. इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विस प्रा.लि. रिलायंस पेट्रोल पम्प के पीछे, सेंटर पाइंट, मांगलिया बायपास, इंदौर, मध्यप्रदेश से मुद्रित। Epaper_www.globalherald.news
प्रधान संपादक -**विष्णु गोयल**, सलाहकार संपादक- **सौरभ बैनर्जी**, प्रदेश संपादक- **दिलीप शर्मा**, स्थानीय संपादक **सत्येन्द्र जैन***( *समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार )। मोबाइल नं.:-7999509078, आर.एन.आई. नं. MPHIN/2012/41876, email- editor@nationalherald.org, डाक पंजीयन क्रमांक - **MP/IDC/1438/2016-2018**